सुविचार
जितना हम पाते हैं, क्या वह उससे कम नहीं है, जितना हम खो देते हैं।
-निर्मल वर्मा

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Janhvi Kapoor Calls Rani... 12

Ranchi • Sunday, 18 January 2026 • Year : 05 • Issue : 06 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : ₹3 • www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

SARAFA

सोना	:	13,380
चांदी	:	310.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

जैक बोर्ड की 10वीं परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी

RANCHI : झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 को लेकर बड़ी अपडेट जारी की है। जैक ने माध्यमिक परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है, जिसे काउंसिल की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। हालांकि, छात्र स्वयं प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं कर सकेंगे। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की जिम्मेदारी केवल संबंधित स्कूलों या कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को दी गई है। जैक की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सभी विद्यार्थी अपने-अपने स्कूल से ही एडमिट कार्ड प्राप्त करें। बता दें कि जैक 10वीं बोर्ड की लिखित परीक्षा 3 फरवरी 2026 से 17 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएंगी।

झारखंड में थमी शीतलहर लोगों को ठंड से राहत

RANCHI : झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में शनिवार को शीतलहर का असर नहीं देखा गया। शीतलहर के थमने के साथ ही धूप की तपिश ने लोगों को राहत दी है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में राज्य में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी। हालांकि विभाग ने यह भी बताया कि राज्य में अभी उत्तर-पश्चिम से उत्तर दिशा की ओर ठंडी हवाएं चल रही हैं, जिसके कारण ठंड में धीरे-धीरे कमी आएगी। शनिवार को रांची में दिन के समय धूप में गर्मी महसूस की गई, जबकि दोपहर बाद हल्की ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिसका असर शाम के समय हल्की कनकनी के रूप में महसूस हुआ।

पंजाब के बठिंडा में भीषण सड़क हादसा, 5 की मौत

CHANDIGARH : पंजाब के बठिंडा में शनिवार को भीषण सड़क हादसे में एक महिला पुलिस कर्मी सहित पांच लोगों की मौत हो गई। हादसा सुबह घने कोहरे के कारण हुआ। बठिंडा के पुलिस अधीक्षक शहर नरिंदर सिंह ने बताया कि जेब में मिले आधार कार्ड और अन्य आईडी कार्ड से मृतकों की पहचान गुजरात के बनासकांठा निवासी अर्जुन, सतीश, जनक, भारत और अमिता बान के रूप में हुई है। सभी गुजरात से घूमने के लिए शिमला गए थे।

नौकरशाही

डॉ. ब्रजेश मिश्र

नौकरशाही वाले मोहल्ले में महत्वाकांक्षा सिर चढ़कर बोलती है। तलाश मौके की रहती है, जैसे ही मिले, लपक लो। ऐसी मान्यता भी है कि सत्ता के शीर्ष से जुड़ाव रखने पर ही आगे का मार्ग प्रशस्त होता है। फिर सोच चाहे अगली पंक्ति में शामिल होने की हो या फिर शासन व्यवस्था में पांव जमाने की। आखिर क्या चल रहा है अंदरखाने, जानें द फोटोन न्यूज के एक्जीक्यूटिव एडिटर की कलम से।

महोदय का 'स्टेटस'

फोटो : सोशल मीडिया

मॉर्निंग वॉक पर निकला था। चक्कर पूरा कर गुरु के घर की राह पकड़ ली। दरवाजे पर सरकारी गाड़ी नजर आई। ड्राइवर सफाई में जुटा था। आमना-सामना हुआ, सो पूछ लिया- साहब, अभी निकले तो नहीं। ड्राइवर ने सिर हिला दिया। मन निश्चिंत हुआ कि गुरु फिर पकड़ में आ गए। अनुमान के अनुसार, गुरु अपने कमरे में नाश्ते की टेबल पर बैठे मिल गए। सामने पराठा, सब्जी और चाय रखी थी। गुरु इन व्यंजनों का आनंद ले रहे थे। आगंतुक को आते देख सीधे साथ बैठने का इशारा कर दिया। दो मिनट में घर के सेवादार ने आगे तिलकुट और पानी का गिलास रख दिया। गुरु बोले, मकर संक्रांति के दिन आए हो। शुरूआत तिलकुट से करो, फिर नाश्ता भी लग रहा है। गुरु का यही अपनापन बार-बार खींच लाता है। नाश्ते की टेबल पर सामान्य बातचीत शुरू हुई। धीरे-धीरे बातचीत गंभीर चर्चा में परिणत हो गई। गुरु बोले- गिरने की भी हद होती है। महोदय तो गिरावट की मिसाल बने जा रहे हैं। गुरु की व्यक्तिगत कुंठा जगजाहिर थी। बावजूद, वह जिस ओर इशारा कर रहे थे, उसे किसी लिहाज से दरकिनार नहीं किया जा सकता था। गुरु अगर शुरू हो जाएं तो फिर कहां रुकने वाले। बोले- इस एक आदमी ने नौकरशाही की नींव हिला रखी है। कहा- देश की संवैधानिक व्यवस्था के तीन अंग हैं- न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका। इन तीनों का आपसी समन्वय ही लोकतंत्र का आधार स्तंभ है। तीनों के बीच अगर जरूरत से ज्यादा नजदीकी बन जाए, तो संतुलन बिगड़ जाता है। वनांचल में मचे बवाल की असली वजह भी यही है। पहले भी कुछ लोग सत्ता के करीब होकर स्वयंभू होने का भ्रम पाल बैठे थे। आज उनकी कहानियों के चर्चे आम हैं। अखबारों के पन्ने गुलजार हैं। महोदय भी इसी राह पर हैं। सुना है, जयंती पर दिल खोलकर दादा को याद कर रहे थे। दिल यादों से इतना भर गया कि बात वाट्सएप के स्टेटस तक पहुंच गई। पुराने दिनों को याद कर गुलदस्ते के साथ वाली तस्वीर मोबाइल पर 'टांग' दी। यह कोई पहला वाकया नहीं है, जब मंजूषा से प्रेम का प्राकट्य हुआ हो। आखिर अपने लिए मौके की तलाश तो सभी को रहती है। महोदय सबसे चार कदम आगे हैं। महोदय की प्रतिभा किसी से छिपी नहीं है। पहले देश के 'टॉप ब्रेन' कही जानेवाली जमात में जगह बनाई। फिर देश की राजधानी से रेल पकड़कर वनांचल पहुंचे। बाबा की नगरी में माथा टेका। फिर बिना देर किए विपक्षी खेमे के धाकड़ सूरमा से भिड़ गए। फिलहाल वनांचल के केंद्र में रहकर मौके-बेमौके माहौल बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे। सत्ता को साधने में कई बार सेवादार तक बन गए, लेकिन मजाल है कि आंखों में कोई... आई हो। अब तो लोग यहां तक कह रहे हैं कि महोदय, माननीय के हकदार हो गए हैं। गुरु ने नाश्ता खत्म कर लिया था। लिहाजा, दोनों ने बारी-बारी से हाथ धोए और फिर मिलने का वादा कर विदा हुए। बाहर एक 'जंत्री' भजन करता दिखा... रामचंद्र कांत का भजन करें...।

सोमा मुंडा हत्याकांड के खिलाफ आदिवासी संगठनों ने किया झारखंड बंद

खूंटी-रांची और चाईबासा समेत कई जगह सड़कों पर उतरे लोग

कई इलाकों में टायर जलाकर की नारेबाजी, हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की उठाई आवाज

- खूंटी जिला से गुजरने वाले मुख्य मार्गों पर प्रभावित हुआ आवागन कम चले वाहन
- कई जगहों पर लंबी दूरी की गाड़ियों की लग गईं कतारें
- कुछ स्थानों पर सामान्य रही स्थिति, कहीं-कहीं दिखा व्यापक असर
- रांची में अल्बर्ट एक्का चौक, करमटोली चौक, पिठौरिया सहित कई प्रमुख इलाकों में प्रभावित रहा जनजीवन

PHOTON NEWS RANCHI : आदिवासी नेता-सह-पड़हा राजा सोमा मुंडा की हत्या के खिलाफ शनिवार को आदिवासी संगठनों के झारखंड बंद का मिला- जुला असर दिखा। यह असर कहीं अधिक तो कहीं कम दिखा। खूंटी में इसका व्यापक असर ज्यादा देखा गया। सुबह से ही बंद समर्थक सड़कों पर उतर गए। कई जगह सड़कों पर टायर जलाकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि सोमा मुंडा के हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी हो और पीड़ित परिवार को न्याय मिले। खूंटी जिला से गुजरने वाले मुख्य मार्गों पर आवागन प्रभावित हुआ। कई जगह लंबी दूरी की गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। शहर के सभी प्रतिष्ठान और दुकानें बंद रहे। एनएच पर हुटार चौक के पास लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया। जिला के सभी चौक चौराहों पर प्रदर्शनकारी घूम घूमकर बंद करा रहे थे। इस क्षेत्र के पेट्रोल पंप भी बंद रहे। झारखंड बंद को देखते हुए पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में रहा। बंद के कारण सार्वजनिक परिवहन प्रभावित हुआ, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पेज 04 भी देखें।



राजधानी में अल्बर्ट एक्का चौक को किया जाम, आठ हिरासत में

राजधानी रांची में भी स्पष्ट रूप से देखने को मिला। राजधानी के संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस ने बंद के दौरान बबलु मुंडा सहित आठ लोगों को हिरासत में लिया है। शहर के अल्बर्ट एक्का चौक, करमटोली चौक, पिठौरिया सहित कई प्रमुख इलाकों में जनजीवन प्रभावित रहा। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा के नेतृत्व में विभिन्न आदिवासी संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। रांची के अल्बर्ट एक्का चौक और आसपास के इलाकों में अधिकतर दुकानें बंद रहीं। जो दुकानें खुली थीं, उन्हें भी प्रदर्शनकारियों ने बंद करा दिया। प्रदर्शनकारियों ने अल्बर्ट एक्का चौक के पास रस्सी लगाकर सड़क अवरुद्ध कर दी, जिससे मेन रोड से आने वाले वाहनों को प्लाजा रोड की ओर डायवर्ट करना पड़ा।

मां काली की धरती को मां कामाख्या से जोड़ेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन : पीएम

- प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन रेलवे स्टेशन से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को दिखाई हरी झंडी
- मोदी ने विभिन्न रेलवे और सड़क परियोजनाओं का भी किया लोकार्पण
- कहा- बंगाल के युवाओं को मिलेंगे नए अवसर, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मिलेगी मजबूती

AGENCY MALDA : शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज पश्चिम बंगाल में रेलवे के विकास को नई गति और नए आयाम मिले हैं। एक तरफ जहां हावड़ा-गुवाहाटी मार्ग में शुरू हुई देश की यह पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मां काली की धरती को मां कामाख्या की भूमि को जोड़ रही है। पश्चिम बंगाल को चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों से देश के उत्तरी, दक्षिणी एवं पश्चिमी हिस्सों से नई कनेक्टिविटी मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन रेलवे स्टेशन से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सहित विभिन्न रेलवे एवं सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण के बाद समारोह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वंदे भारत स्लीपर ट्रेन से बंगाल के युवाओं को नए अवसर मिलेंगे और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। यह ट्रेन आत्मनिर्भर भारत की ताकत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पूरे देश में इस आधुनिक स्लीपर ट्रेन का विस्तार किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने बंगाल, असम और पूरे देश को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसी तरह से बंगाल को चार और आधुनिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें मिलीं हैं। न्यू जलपाईगुड़ी, नागरकोई अमृत भारत एक्सप्रेस, न्यू जलपाईगुड़ी से तिरुचिरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, अलीपुर द्वार बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस, अलीपुर द्वार मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस, इससे बंगाल और खासतौर पर उत्तर बंगाल की दक्षिण और पश्चिम भारत से कनेक्टिविटी और सशक्त होगी।

भाजपा सरकार बनते ही घुसपैठियों पर होगा एक्शन

मोदी ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि बंगाल के सामने एक बड़ी चुनौती घुसपैठ की है। बंगाल के कई इलाकों में आबादी का संतुलन बिगड़ रहा है। टीएमसी घुसपैठियों को वोटर बना रही। गरीबों का हक छीना जा रहा है। भाजपा सरकार बनते ही घुसैपठियों पर एक्शन लिया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना पर बात करते हुए पीएम ने कहा कि टीएमसी वालों को आपकी तकलीफ की कोई चिंता नहीं है। यहां आयुष्मान योजना लागू नहीं होने दी गई है। ऐसी पत्थर दिल सरकार की बंगाल से विदाई जरूरी है।

बिहार में प्रवासी मजदूर पर हमले के बाद भड़का आक्रोश

मुर्शिदाबाद में फिर हाईवे जाम कर प्रदर्शनकारियों ने तोड़ा रेलवे गेट

> एक दिन पहले झारखंड में प्रवासी मजदूर की मौत को लेकर बेलडांगा में हुआ था हिंसक प्रदर्शन

KOLKATA @ PTI : शनिवार को दूसरे दिन पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में हालात तनावपूर्ण रहे। प्रदर्शनकारियों ने एनएच-12 और रेलवे ट्रैक को फिर से जाम कर दिया है। स्थिति नियंत्रित करने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। यह विरोध बिहार में एक प्रवासी मजदूर पर हमले के बाद भड़का। इससे एक दिन पहले झारखंड में प्रवासी मजदूर की मौत को लेकर बेलडांगा में हिंसक प्रदर्शन हुआ था, जिससे सड़क और रेल रूट घंटों ठप रहा था। एडिशनल एसपी ने बताया कि अब तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीएम ममता बनर्जी ने शुक्रवार को शांति बनाए रखने की अपील की थी। शनिवार को सुबह प्रदर्शनकारियों ने बेलडांगा स्टेशन के पास रेल गेट में तोड़फोड़ की और रेलवे सिग्नल को नुकसान पहुंचाया। इसके चलते कृष्णनगर और लालगोला के बीच ट्रेन बंद कर दी गईं।

हर माह 80 से 90 लाख रुपये की विद्युत खपत के बावजूद भुगतान कुछ नहीं

जेबीवीएनएल का एचईसी पर ₹280 करोड़ बकाया

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) पर बकाया का बोझ बढ़ता जा रहा है। इसमें बड़े बकाएदारों की भूमिका ज्यादा है। सबसे बड़ा बकाएदार हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन (एचईसी) है, जो हर महीने 80 से 90 लाख रुपये की बिजली खपत करने के बावजूद बिजली बिल के एवज में एक रुपये का भी भुगतान नहीं कर रहा है। स्थिति यह है कि एचईसी पर जेबीवीएनएल का बकाया 280 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। अगर यही रफ्तार रही तो यह राशि जल्द ही 350 करोड़ रुपये के पार चली जाएगी। इस गंभीर मुद्दे पर रांची एरिया बोर्ड की बैठक में गहरी चिंता जताई गई। बैठक में एरिया बोर्ड के महाप्रबंधक मनमोहन कुमार ने बताया कि इतनी बड़ी राशि को लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह सीधे तौर पर बिजली वितरण व्यवस्था को कमजोर कर रही है।

रांची एरिया बोर्ड की ओर से कनेक्शन काटने का दिया गया निर्देश

डीवीसी का लगभग 300 करोड़ रुपये बकाया

डीवीसी का लगभग 300 करोड़ रुपये बकाया है। बैठक में रांची एरिया बोर्ड के सभी कार्यपालक अभियंता शामिल हुए। सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अब रिलेशन मेंटेन करने के बजाय बकायेदारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करें और जरूरत पड़े तो बिजली कनेक्शन काटें। बताया गया कि पिछले चार महीनों से सरकार की ओर से 200 यूनिट फ्री बिजली के एवज में जेबीवीएनएल को भुगतान नहीं मिल रहा है, जिसके कारण एनटीपीसी और डीवीसी को भुगतान अटक गया है।

रिंग रोड के अंदर 90 हजार कंज्यूमर

जीएम मनमोहन कुमार ने कहा कि जैसे निगम की जिम्मेदारी लगातार बिजली देने की है, वैसे ही उपभोक्ताओं की भी जिम्मेदारी है कि वे समय पर बिल दें। उन्होंने कहा कि रांची रिंग रोड के अंदर हाई वोल्टेज कंज्यूमर की संख्या 90 हजार है, जिससे वसूली के लिए 21 से 23 जनवरी तक योजना बनाकर वसूली किया जाएगा।

हेल्थ सेफ्टी कारगर इलाज के नए तरीके को किया जा रहा डेवलप

टीबी की चिकित्सा के लिए जल्द शुरू होगा क्लिनिकल ट्रायल

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने व्यापक स्तर पर तैयार किया है प्लान

हाई डोज दवा थेरेपी के माध्यम से कम समय में पूर्ण रूप से स्वस्थ हो सकेंगे मरीज

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : यक्ष्मा या तपेदिक यानी ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) फेफड़ों से जुड़ी गंभीर बीमारी है। इसके इलाज की प्रक्रिया लंबी होती है। मरीज को स्वास्थ्य के प्रति अधिक संवेदनशील रहना भी जरूरी होता है। सरकारी स्तर पर मरीज को इलाज की सुविधा दी जाती है और साथ ही उनके स्वास्थ्य की देखरेख के लिए आर्थिक मदद की भी व्यवस्था की जाती है। टीबी मुक्त भारत के अभियान को आगे बढ़ाते हुए हाल ही में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने बड़ी पहल की है। मरीजों के इलाज के लिए कम समय में बेहतर तरीके के इस्तेमाल का बड़ा प्लान बनाया गया है। इसके तहत जल्द इलाज को तेज करने और अधिक प्रभावी बनाने के लिए क्लिनिकल ट्रायल की प्रक्रिया शुरू करने की जानकारी दी गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, दवा संवेदनशील फेफड़ों की तपेदिक के इलाज में नई प्रक्रिया पुरानी प्रक्रिया से अधिक कारगर साबित हो सकती है। आईसीएमआर की ओर से यह महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है कि इस मल्टी-सेंट्रिक ट्रायल के लिए देश के 14 मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों को चुना गया है।

- आईसीएमआर ने देश के 14 मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों का किया है चयन
- रिफैम्पिसिन के हाई डोज आधारित 4 और 6 महीने के इलाज की परखी जाएगी क्वालिटी

देश के संपूर्ण टीबी प्रबंधन में संभावित रूप से क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है यह अध्ययन

लेवोफ्लाक्सासिन के उपयोग का भी मूल्यांकन

ट्रायल में रिफैम्पिसिन के हाई डोज आधारित 4 और 6 महीने की नई इलाज 'रेजिमेन' की तुलना की जाएगी, जिनमें लेवोफ्लाक्सासिन के उपयोग का भी मूल्यांकन किया जाएगा। इस मूल्यांकन की प्रक्रिया के बाद तय किया जाएगा की नई प्रणाली को कैसे आगे बढ़ाया जाए।

दो महीने में जमा कराने होंगे दस्तावेज

आईसीएमआर की टीम की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, यह अध्ययन भारत के टीबी प्रबंधन में संभावित रूप से क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। हाई डोज रेजिमेन सुरक्षित और ज्यादा प्रभावी साबित होती है, तो टीबी के इलाज की अवधि कम की जा सकती है और दवा पालन में सुधार होगा। दस्तावेज के अनुसार, चयनित संस्थानों को 1 अपनी भागीदारी की औपचारिक पुष्टि करने के साथ दो महीने में सभी आवश्यक दस्तावेज जमा कराने होंगे। परिषद ने साफ किया है कि अंतिम स्वीकृति और फंड जारी होने से पहले कोई भी संस्थान खर्च या गतिविधि शुरू नहीं करेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि टीबी अब भी भारत का सबसे बड़ा संक्रामक रोग है। इलाज का वर्तमान 6 महीने का कोर्स दवा छोड़ने, साइड इफेक्ट्स और निगरानी में कठिनाइयों के कारण कई बार अधूरा रह जाता है। आईसीएमआर का यह नया अध्ययन इस चक्र को तोड़ने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

बांग्लादेश में कर्मचारी को बचा रहे हिंदू कारोबारी को उतार दिया मौत के घाट

NEW DELHI : शनिवार को बांग्लादेश के गाजीपुर जिले में एक हिंदू कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वह अपनी मिठाई की दुकान में काम करने वाले एक नाबालिग कर्मचारी को बचाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय लिटन चंद्र घोष उर्फ काली के रूप में हुई है। वह बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल का मालिक था। यह दुकान नगरपालिका इलाके के पास बरनगर रोड पर स्थित है। बांग्लादेश में बीते एक महीने में अब तक 9 हिंदुओं की हत्याएं हो चुकी हैं। पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब 11 बजे मसूम मिया (28) दुकान में आया। किसी मामूली बात को लेकर उसका दुकान में काम करने वाले 17 साल के कर्मचारी अनंत दास से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई।

दूषित जल के कारण पीड़ित मरीजों से मिले राहुल, बोले-

इंदौर में पानी पीकर मर रहे लोग यह नए मॉडल की स्मार्ट सिटी

INDORE @ PTI : शनिवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इंदौर पहुंचे। सबसे पहले वह बॉम्बे हॉस्पिटल गए,जहां उन्होंने दूषित पानी से पीड़ित मरीजों और परिजन से मुलाकात की। राहुल ने कहा ये नए मॉडल की स्मार्ट सिटी है। पीने का पानी नहीं है। परिवार पानी पीने के बाद बीमार हुए। यानी इंदौर में साफ पानी नहीं मिल सकता है। उन्होंने कहा, सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही है। किसी को ये राजनीति लगे तो लगे, लेकिन लोगों को साफ पानी मिलना चाहिए। इस दौरान राहुल भागीरथपुरा भी गए और दूषित पानी से जान गंवाने वाली गीता बाई और जीवनलाल के परिवार से मिले। दोनों परिवारों को उन्होंने चेक दिया। इसके बाद राहुल गांधी संस्कार गार्डन पहुंचे। यहां उन्होंने दूसरे प्रभावितों से मुलाकात की। सभी को राहुल ने एक लाख और सिंघार ने 50-50 हजार रुपये के चेक दिए।



मृतकों के परिजनों को डेढ़-डेढ़ लाख रुपये का दिया चेक

पुष्कर : अंतर्मन की यात्रा

घुमक्कड़ की पाती

दिल्ली से बाहर निकलते ही सड़कें खुलने लगीं और मेरे भीतर भी कुछ खुलता गया। जैसे मन अपनी ही परतें धीरे- धीरे छोड़कर हल्का हो रहा हो। धुंध पीछे छूटती गई और सामने हरियाणा के खेत फैलते गए। धूप बिल्कुल कच्ची थी, लेकिन उसमें एक भरोसा था। अजमेर के पास पहुंचा तो अरावली का पहला उभार दिखाई दिया। छोटा, शांत और स्वागत करता हुआ। मानो उसने अपने पत्थर के होंठों से कहा हो- अब से तुम अपने नहीं, मेरी गति में चलोगे। अजमेर से पुष्कर का घुमावदार रास्ता किसी पुराने गीत में छिपे हुए मद्धिम सुर जैसा है। धीमा, लेकिन आत्मा को खींचता हुआ। जैसे ही पहाड़ों ने मुझे अपने बीच लिया, हवा की बोली बदल गई।



दिल्ली की उस ठंडी सुबह में जब सड़कों पर धुंध किसी भूली हुई कविता की पहली पंक्ति की तरह तैर रही थी, मुझे लगा कि शहर ने मेरी धड़कनों पर अपनी गति थोप दी है। भीतर कहीं एक बेचैनी जागी- कुछ दूर जाना है, कहीं और, किसी ऐसी जगह जहां हवा का रंग अलग हो, जहां समय वापस सांस लेने लगे। उसी बेचैनी में पुष्कर का नाम उभरा, जैसे कोई पुराना दोस्त अचानक दरवाजे पर दस्तक देकर कह दे- चलो, थोड़ी देर बाहर बैठते हैं। दिल्ली से बाहर निकलते ही सड़कें खुलने लगीं और मेरे भीतर भी कुछ खुलता गया। जैसे मन अपनी ही परतें धीरे- धीरे छोड़कर हल्का हो रहा हो। धुंध पीछे छूटती गई और सामने हरियाणा के खेत फैलते गए। धूप बिल्कुल कच्ची थी, लेकिन उसमें एक भरोसा था। अजमेर के पास पहुंचा तो अरावली का पहला उभार दिखाई दिया। छोटा, शांत और स्वागत करता हुआ। मानो उसने अपने पत्थर के होंठों से कहा हो- अब से तुम अपने नहीं, मेरी गति में चलोगे। अजमेर से पुष्कर का घुमावदार रास्ता किसी पुराने गीत में छिपे हुए मद्धिम सुर जैसा है। धीमा, लेकिन आत्मा को खींचता हुआ। जैसे ही पहाड़ों ने मुझे अपने बीच लिया, हवा की बोली बदल गई। उसमें एक पवित्रता थी, जो बिना कहे भीतर तक उतर जाती है। और जब पुष्कर का पहला दृश्य सामने आया- छोटे घर, संकरी गलियां और झील की झलक, मुझे लगा कि मैं किसी ऐसी जगह आया हूं, जहां मन को लगे हुए पुराने धब्बे धीरे-धीरे धुलने वाले हैं।

पुष्कर में मेरे पहले दिन की शुरूआत झील के किनारे बैठने से हुई, जो हमेशा- हमेशा के लिए मेरी स्मृति का हिस्सा बनकर रह गई। पुष्कर की गलियों में चलते हुए सबसे पहले जो चीज भीतर तक घुसती है, वह उसकी गंध है- दूध की भाप, चंदन की नरम लकीरें, धूपबत्ती की राख और थोड़ी-सी मिट्टी। यह मिश्रण किसी और शहर में नहीं मिलता। यह जगह अपने सबसे पहले स्पर्श में ही बता देती है कि वह केवल एक धार्मिक नगर नहीं, एक आत्मीय स्थान है। झील पर पहुंचा तो लगा, कोई बहुत पुरानी चुप्पी मेरे सामने बैठी है। पानी इतना शांत था कि मुझे डर लगा, कहीं उसे देखकर मेरे भीतर का कोलाहल न शर्मिंदा हो जाए। सीढ़ियों पर चलते हुए हर कदम मुझे हल्का करता गया। ऊपर उड़ते कबूतरों की परतें किसी क्षणभंगुर पवित्रता की तरह थीं। शाम की आरती के समय दीपक जब एक साथ जले तो झील का चेहरा बदल गया। सोने जैसा, फिर तांबे जैसा, फिर बिल्कुल आकाशी। उस बदलते रंग में किसी ने मेरा हाथ थामा और कहा, यही तो यात्रा है- जब बाहर का दृश्य धीरे-धीरे भीतर उतरना शुरू करे। मैं देर तक पानी को देखता रहा। उस पानी की चमक में मुझे अपनी ही कोई पुरानी स्मृति तैरती दिखी, कुछ ऐसा जिसे मैं नाम नहीं दे सका, पर महसूस कर लिया।

दूसरे दिन ब्रह्मा मंदिर, गलियां और वह ऊंचाई, जहां से शहर एक चित्र बन जाता है। अगली सुबह ब्रह्मा मंदिर की ओर चलता हुआ मैं यह समझ रहा था कि पुष्कर लोगों को भागने नहीं देता। वह उन्हें धीमा होने पर मजबूर करता है। सुबह की धूप में दुकानें खुल रही थीं, कहीं जलते तवे की आवाज, कहीं घंटियों का धीमा कंपन। यह सब मिलकर एक ऐसी लय बनाते हैं, जिसे केवल चलकर ही समझा जा सकता है। मंदिर की सीढ़ियां चढ़ते हुए लगा कि मैं किसी भूले हुए अध्याय में प्रवेश कर रहा हूं। अंदर की शांति केवल जगह की नहीं, बल्कि समय की शांति थी। वह शांति, जिसमें अनगिनत यात्रियों की थकानें घुलती रही हों। मंदिर से निकलकर मैंने गलियों का रास्ता पकड़ा। पुष्कर की गलियां मन की उलझनों जैसी हैं। तंग, घुमावदार, लेकिन अचानक एक खुली जगह पर जाकर उजाला देती हुईं। दुकानों में रखी रंगीन पगड़ियां, चांदी के आभूषण, बंधेज के दुपट्टेङ्क सब किसी रंगोत्सव की तरह फैले हुए थे। यहां का बाजार लोगों को नहीं बेचता, उनके भीतर छिपे रंगों को पहचानता है। दोपहर को मैं सावित्री माता मंदिर की चढ़ाई पर था। हर मोड़ पर पुष्कर का आकार नया हो जाता था। झील केंद्र में, उसके चारों ओर फैले सफेद घाट, दूर नर्म अरावली की ऊंचाइयां। ऊपर पहुंचकर शहर एक ऐसा चित्र बन गया था, जिसे देखकर मन अचानक शांत हो जाए। हवा अलग थी- नीली, ठंडी, और पूरी तरह सच्ची। सूर्यास्त में पहाड़ों पर उतरती धूप ने पूरे नगर को किसी प्राचीन कथा जैसा रूप दे दिया। उस क्षण मुझे लगा कि यहीं कहीं यात्रा अपने अर्थ को पा लेती है।



तीसरे दिन रेत के टीलों में बैठकर समझ आया कि पुष्कर एक नगर नहीं, एक भाव है। तीसरे दिन मैं रेगिस्तान की तरफ निकला। पुष्कर का यह चेहरा बहुत हल्का-सा है। जैसे शहर ने इसे छिपाकर रखा हो, ताकि केवल वही व्यक्ति इसे देख सके, जो खोजता हुआ आए। टीलों पर हवा की गति अलग थी। सूखी, तेज, लेकिन उसमें एक अनोखी मिठास थी। ऊंट की धीमी चाल ने आसपास के विशाल खालीपन को और भी अर्थपूर्ण बना दिया। रेत उंगलियों में उठाकर मैंने महसूस किया कि यह मिट्टी सदियों की यात्राओं का बोझ ढोती है। हर कण में एक कहानी है। कुछ समय की, कुछ मानवों की, कुछ हवा की। वहां बैठकर समझ आया कि पुष्कर केवल देवताओं की जगह नहीं, यह उन लोगों की भी जगह है, जो खुद से भागकर नहीं, खुद तक पहुंचने के लिए आते हैं। शाम को फिर झील के किनारे पहुंचा। तीसरे दिन का वही दृश्य अब बिल्कुल नया था। शायद इसलिए कि स्थान नहीं बदलता, देखने वाला बदल जाता है। आरती की रोशनी में पानी इस बार इतना गहरा दिखा कि लगा, जैसे वह मेरी थकान को अपने भीतर खींच रहा हो।

इस तरह से तीन दिन बाद मेरी यात्रा का समापन होने को था, पर यात्रा समाप्त नहीं हुई, बस भीतर लौट गई। जब रात गहराने लगी और झील पर केवल कुछ दीपक तैर रहे थे, मैं सीढ़ियों पर बैठा रहा। पुष्कर ने मुझे कहीं और नहीं भेजा, मुझे मेरे भीतर वापस ले आया। यहां की हवा में एक पुरानी दया है, एक धीमापन है और एक ऐसा मौन है, जो आदमी को उसकी असली आवाज लौटा देता है। दिल्ली लौटते हुए मुझे लगा कि यह यात्रा सड़कों पर तय नहीं हुई, यह तय हुई वहां, उस शांत झील के किनारे, जहां पानी ने मेरे भीतर जमी धूल को हल्का-सा हिला दिया था।

यात्रा यही है, अपने भीतर के अंधेरे कमरे में थोड़ा उजाला ले जाना। और पुष्कर... वह उजाला सौम्यता से, धीरे-धीरे, बिना मांगे दे देता है।

संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

SCAN ME

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

कविता

बेबी शॉ

डर

मुझे एक अजीब-सा
डर महसूस होता है आजकल
डर-
खोने का
बिछड़ने का
दूर जाने का
और पास आने का

सोचती हूँ,
एक दिन आएगा
और सारे डर गायब हो जाएँगे
तब मैं जब चाहूँ तुम्हें
पाऊँगी
देखूँगी
छुऊँगी...

मन में नहीं
अस्पष्ट स्वरों से नहीं
धुनयुक्त आवाज में कहूँगी-
प्रेम... प्रेम... मेरा प्रेम,
सारे युद्ध को इतिहास बनाकर रखो...

कहानी ■ पार्ट-2

बिसाही नामे पिछड़ी

कमल
रांची, झारखंड

तभी बिजला को झाड़ियों के दूसरी तरफ से नशे में डूबे रघुनु की आवाज सुनाई दी, 'एक गो औरत को मारने से उसका घर-दुआर, पूरे जमीन हमरा कब्जा में होगा रे'।

'केतना अच्छा होता, जो कोरोना में अपने पति की तरह इहो बीमार हो जाती और पति के जइसे ही मुआ जाती'- मताल बोला।

वापसी के रास्ते में न जाने कहाँ और कैसे फूलवा के पति चुड़का का पैर जख्मी हो गया था। लखीपाई पहुँचने के बाद गाँव में जो भी इलाज संभव था, किया गया। लेकिन चुड़का काका के तलवों से खून का रिसना कभी बंद नहीं हुआ। उन दिनों लॉकडाउन में पैदल अपने घरों को लौटने वालों के तलवों से खून बहना आम बात थी। चुड़का काका की हालत बिगड़ती ही चली गई थी। कुछ ही दिनों में देखते-देखते वह काकी को हमेशा के लिए अकेला छोड़कर चला गया।

'लेकिन इसमें तो थाना-पुलिस हो जाएगा'। उनके साथ बैठा एक आदमी बोला।

'तो तुमरे पास है कोई और रस्ता?' रघुनु ने उसकी ओर घूर कर देखा।

वहाँ एक सन्नाटा फैल गया, लेकिन वह सन्नाटा बस जरा-सी देर के लिए ही था।

'वैसे भी हम उसे सीधे-सीधे मारने की बात कहाँ कर रहे हैं। डायन-बिसाही बोल कर पहले उसे बदनाम कर देंगे। बिसाही नामे गहि पिछड़ी (डायन नाम का शॉल) पहना कर मारेंगे। मैंने पहले ही से कुछ लोगों को बोल रखा है कि वो डायन है। चार जगह और हल्ला करवा देंगे कि वोही डायन है, बस पहना गया उसको, बिसाही नामे गहि पिछड़ी। अईसी अकेली औरत को डायन बता कर मारना बहुत्ते आसान होता है। कहेंगे, इसी डायन के कारण बर-बिमारी होता है। सब जगा इसी से कोरोना आया था, इसने अपने पति को खा लिया। अगर इसे नहीं मारा तो पूरे गॉव में फिर कोरोना फैला कर वह सबको खा जाएगी। बिसाही का डर गाँव में किसको नहीं होता है? हम उसी डर का फैदा उठाएंगे' रघुनु ने मानों फैसला सुनाया।

'अगर कोई कमी रही, तो हमरा ई ओझा-गुनी किस दिन काम आएगा?' मताल ने अपनी बगल में बैठे आदमी के गिलास को हड़िया से भरते हुए कहा।

'हम तो तुमरा साथे हैं। बाकि जेतना में बात हुआ है, पूरा पइसा हमको एडवांस में चाहिए'। ओझा ने नशे में झूमते हुए कहा।

'तुम पइसा का फिकर एकदम्मे मत करो'।

'तब हमरा तरफ से बात पक्का समझो'। ओझा ने नशे में होने के बावजूद सावधानी से अपना प्लास्टिक वाला गिलास उठाया, ताकि हड़िया भरा गिलास छलके नहीं। मुँह से लगाकर उसने एक ही साँस में अपना गिलास खत्म कर दिया।

'ईहे ठीक है, डायन-बिसाही के नाम पर तो गाँव वाला कोई भी हमरे खिलाफ नहीं होगा'। मताल भी झूम रहा था।

वह सब देख-सुन कर बिजला को काटो तो खून नहीं। वह दबे पाँव झाड़ियों बाहर निकला और तेजी से अपना बस्ता उठा कर घर की ओर दौड़ पड़ा। बोनो पहले तो कुछ समझी नहीं, फिर उसने भी अपना बस्ता उठाया और बिजला के पीछे लपकी। थोड़ा आगे बिजला रुक कर उसकी प्रतीक्षा कर रहा था। उसका चेहरा उतरा हुआ था।

बोनो भी उसके पास जा पहुँची, 'तुम अइसे काहे भागे? तुमको का हुआ है? तुम्हारा चेहरा कईसा तो दिख रहा है'।

बिजला ने धीरे-धीरे उसे सारी बात बताई। वह सब सुन कर बोनो भी सन्न रह गई।

'अब हम का करेंगे?' बोनो करवा ने सहमी आवाज में पूछा।

'मेरी फूलो काकी को, मैं कुछ नहीं होने दूँगा'। बिजला तिग्गा की आवाज में दृढ़ता थी, 'तुम ऐसा करो, मेरा बस्ता लेकर सीधे घर चले जाओ'।

और तुम? बोनो की आवाज में आश्चर्य था। 'मैं वापस जामुनी टोला जा रहा हूँ। मास्टर जी का घर स्कूल के पास ही है। उन्होंने हमें बताया है कि भूत-प्रेत, डायन-बिसाही कुछ नहीं होता। कुछ लोग इनके नाम से अपना फायदा निकालते है। हमें हर तरह के अंधविश्वास को तोड़ना होगा। मुझे भरोसा है, पूरी बात जान कर मास्टर जी फुलवा काकी को बचाने में जरूर मेरी मदद करेंगे'।

'लेकिन अब तो कितना कुबेर हो गया है। शाम होने को है, क्या तुम समय से मास्टर जी के पास पहुँच सकोगे?' बोनो ने शंका प्रकट की।

'हाँ, मैं पहुँच जाऊँगा। अपनी फुलवा काकी को बचाने के लिए मैं कुछ भी कर सकता हूँ'- कहते हुए बिजला ने अपना बस्ता बोनो के कंधे पर टांगा और वापस जामुनी टोला की ओर दौड़ पड़ा।

बोनो करवा ने लखीपाई की ओर मुड़ने से पहले एक बार बिजला तिग्गा की ओर देखा। वह बिजली की गति से दौड़ा जा रहा था, मानों उड़ रहा हो।

इसके बाद की कहानी बहुत संक्षिप्त है। उस रात फुलवा के घर चारों की तरह घुसते मताल, रघुनु और उनके साथी फुलवा के खिलाफ कुछ कर पाते, उससे पहले ही वे सब घात लगाये बैठी, पुलिस के हत्थे जा चढ़े।

अगले दिन जमुनी टोला के स्कूल मैदान में फुटबॉल खेलता बिजला, उत्साह से अपने साथियों को मताल व रघुनु का किस्सा सुना रहा था कि कैसे उसने मास्टर जी और पुलिस की मदद से अपनी फूलो काकी की जान बचायी।

लखीपाई की फुलवा तो बच गई, लेकिन स्टाफ रुम में मास्टर जी के हाथ में थमा अखबार उन्हें, बुरगूटोली. में डायन-बिसाही के नाम पर हुई एक औरत की हत्या की खबर बता रहा था।

BRIEF NEWS

कई जगहों पर जरूरतमंदों में किया गया कंबल वितरण

RANCHI : वार्ड पार्षद प्रत्याशी अमित मुंडा ने वार्ड संख्या में 4 वार्ड के जरूरमंदों में कंबल का वितरण किया। भरम टोली अटल क्लिनिक के समीप, नायक टोली, बड़गाईं खेरवा कोचा, टैगोर हिल मोराबादी, बरियातू खजुरिया टोली, मोरहाबादी, तेतर टोली, बनिया टोली, यीशु नगर, चिरौंदी वन वृद्धावन कॉलोनी, चिरौंदी बॉम्बे आवास, बड़गाईं सहित अन्य जगहों पर बूढ़े बुजुंग जरुरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण कर चुके हैं।

नामकुम में जरूरतमंदों में बांटे गए कंबल

NAMKOM : आरबी पांडेय मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से शनिवार को नामकुम स्टेशन स्थित चार सौ लोगों में कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि में खिजरी विधायक राजेश कच्छप, कांके के विधायक सुरेश बैठा, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस महासचिव आलोक दूबे प्रवक्ता विनय सिन्हा, लाल किशोर नाथ शाहदेव, जॉन पीटर बागे, शेखर सिंह, अखिलेश सिंह, आत्मानंद पांडेय द्वारा सभी जरूरतमंदों में कंबल का वितरण किया गया। विधायक राजेश कच्छप व सुरेश बैठा ने कहा कि फाउंडेशन के काम की सराहना की।
मौके पर रामाशंकर तिवारी, सिकंदर ठाकुर, अभिषेक भारद्वाज, बबलू मुंडा, अभिजीत मुंडा, राजेंद्र गोप, विनय सिंह, नरेन्द्र, अशोक यादव, मृत्युंजय मिश्रा,संतोष पाठक, सीता मुण्डा, प्रिया संगा, साधु मुण्डा, विनोद मंडल, सोनू दूबे,मोनू सिंह, धर्मवीर यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

नाइजर से रिहा हुए झारखंडी मजदूरों से आजसू ने की मुलाकात

RANCHI : नाइजर अपहरण मामले में शनिवार को आजसू पार्टी के नेताओं का प्रतिनिधिमंडल गिरिडीह जिले के बगोदर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो, केंद्रीय महासचिव संजय मेहता, केंद्रीय महासचिव यशोदा देवी, बगोदर विधानसभा प्रभारी अनूप पांडेय, जिला परिषद सदस्य और पार्टी के वरिष्ठ नेता छक्कन महतो एवं प्रताप सिंह शामिल थे। इस अवसर पर दोंदलों पंचायत के मुखिया तुलसी तलवार और सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली भी उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने दोंदलों पंचायत के राजू महतो, फलजीत महतो, चंद्रिका महतो, संजय महतो और मुंडरो पंचायत के उत्तम महतो से मुलाकात की और परिजनों का हाल-चाल जाना।

रांची में रक्षा संपदा उप-कार्यालय का उद्घाटन, राज्यपाल संतोष गंगवार बोले-

राज्य के लिए रक्षा मंत्रालय ने किया अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरदर्शी निर्णय

- झारखंड से संबंधित रक्षा भूमि का प्रबंधन होता था बिहार के दानापुर कार्यालय से
- राज्य प्रशासन और रक्षा प्रतिष्ठानों के बीच समन्वय होगा अधिक मजबूत

रक्षा संपदा उप-कार्यालय का उद्घाटन करते राज्यपाल संतोष गंगवार व अन्य

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची में रक्षा सम्पदा उप-कार्यालय के नए कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने इसे झारखंड राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रांची में रक्षा संपदा उप-कार्यालय की स्थापना एक दूरदर्शी और समयानुकूल निर्णय है। इससे राज्य में रक्षा भूमि प्रबंधन को अधिक सुदृढ़, प्रभावी और समयबद्ध बनाया जा सकेगा। राज्यपाल ने कहा कि अब तक झारखंड राज्य के सभी जिलों और सैन्य स्टेशनों से संबंधित रक्षा भूमि का प्रबंधन बिहार के दानापुर स्थित कार्यालय से किया जा रहा था। व्यापक क्षेत्राधिकार और भौगोलिक दूरी के कारण कई मामलों में विलंब की स्थिति उत्पन्न होती थी। रांची में उप-कार्यालय की स्थापना से अब रक्षा भूमि से जुड़े मामलों का समाधान स्थानीय स्तर पर प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। इससे राज्य प्रशासन और रक्षा प्रतिष्ठानों के बीच समन्वय भी अधिक मजबूत होगा। राज्यपाल ने कहा कि रक्षा भूमि का सुव्यवस्थित प्रबंधन न केवल प्रशासनिक दृष्टि से आवश्यक है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से भी प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा विषय है। इस उप-कार्यालय के माध्यम से रक्षा परिसंपत्तियों की सुरक्षा, रख-रखाव और उपयोग में पारदर्शिता आएगी। जिसका लाभ राज्य और राष्ट्र दोनों को मिलेगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने भारतीय सैनिकों के पराक्रम, साहस और अनुशासन की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिक केवल सीमाओं की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं और संकट के समय भी समर्पण भाव से नागरिकों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। उनका जीवन ह्यनेशन फर्स्टह्न की भावना का जीवंत उदाहरण है। राज्यपाल ने कहा कि जब देशवासी चैन की नींद सोते हैं, तब हमारे सैनिक सीमाओं पर जागकर देश की सुरक्षा में लगे रहते हैं। विषम भौगोलिक और मौसमीय परिस्थितियों में अपने परिवार और व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का त्याग कर वे राष्ट्र रक्षा के दायित्व का निर्वहन करते हैं।

भारत सदैव रहा है शांति का पक्षधर

राज्यपाल ने कहा कि भारत सदैव शांति का पक्षधर रहा है और विश्व को मानवता का संदेश देता आया है। हम बिना कारण किसी के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर शास्त्र और शस्त्र दोनों की मयार्दा निभाना भली-भांति जानते हैं। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे अभियानों के माध्यम से भारतीय सेना ने आतंकवाद के अड्डों को समाप्त कर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि यह नया भारत है। यह भारत शांति चाहता है, लेकिन मानवता पर हमला होने की स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देना भी जानता है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना

गवर्नर ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सैनिकों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प के तहत रक्षा क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से देश की सैन्य शक्ति निरंतर सशक्त हो रही है। राज्यपाल ने केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रक्षा मंत्रालय भारत सरकार की पूरी टीम को बधाई दी।

डीसी ने अधिकारियों को पोलिंग बूथों को तैयार करने का दिया निर्देश

- जिला प्रशासन ने नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को लेकर पूरी की तैयारी

PHOTON NEWS RANCHI : रांची जिला प्रशासन ने आगामी नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 की सुचारू, निष्पक्ष और समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने की। बैठक में उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची रजत कुमार, विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने निर्वाचन प्रक्रिया के सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की और विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के संबंध में स्पष्ट व सख्त दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि चुनावी तैयारियां पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और समय-सीमा के भीतर पूरी की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है। सभी मतदान केंद्रों की पहचान, उनकी संवेदनशीलता का आकलन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अति संवेदनशील बूथों की पहचान

सुरक्षा और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों की पहचान और पुलिस बल की तैनाती पर विशेष ध्यान दिया गया। लॉजिस्टिक्स एवं सामग्री जैसे मतपत्र, मतदान सामग्री, डिस्पैच के अलावा मतगणना केंद्रों की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए संबंधित कोषांगों को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों से अपील की कि वे पूर्ण निष्ठा और टीमवर्क के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाएं। जिससे कि रांची जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सफल निर्वाचन सुनिश्चित हो सके। जिला प्रशासन सभी हितधारकों के सहयोग से इस निर्वाचन को पूर्णत: सफल बनाने के लिए कृतसंकल्पित है।

लापता कन्हैया के परिजनों से मिले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, कहा-

झारखंड में बच्चा चोर और अपहरण गिरोह सक्रिय, पुलिस प्रशासन बना है मूक दर्शक

- रांची के एसएसपी को दिया एक हफ्ते का अल्टीमेटम

PHOTON NEWS RANCIH : सिलदीरी गांव से 55 दिनों से लापता मासूम कन्हैया कुमार के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष-सह- सांसद आदित्य साहू ने शनिवार को रांची के शंकर घाट स्थित ग्राम सिलदीरी पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि 22 नवंबर 2025 से लापता कन्हैया का अब तक कोई सुराग नहीं मिलना अत्यंत पीड़ादायक, दुर्भाग्यपूर्ण और गंभीर चिंता का विषय है। इस दौरान उन्होंने राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि झारखंड में बच्चा चोर और अपहरण गिरोह सक्रिय हैं, जबकि पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने दावा किया कि राज्य पहले से ही चाइल्ड ट्रैफिकिंग से प्रभावित है और हालिया मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले चार वर्षों में 413 बच्चे लापता हुए हैं, जिनका आज तक कोई पता नहीं चला। आदित्य साहू ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए मानवीय संवेदना के तहत खाद्य सामग्री, कंबल सहित अन्य आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई। इसके साथ ही कन्हैया के बड़े भाई के इलाज के लिए भाजपा कार्यकताओं की ओर से एक लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की, ताकि संकट की इस घड़ी में परिवार को कुछ सहारा मिल सके।

झारखंड में निवेश के सहारे भविष्य में पर्यटन में अनंत संभावनाओं के खुलेंगे द्वार

PHOTON NEWS RANCHI : प्रकृति, संस्कृति, आध्यात्म, इतिहास और रोमांच का अनूठा संगम झारखंड को देश-विदेश के पर्यटकों के लिए एक विशिष्ट डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड अब पर्यटन के क्षेत्र में निवेश के माध्यम से नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर झारखंड दुनिया को ऐसी यात्रा का आमंत्रण देगा, जो निरंतरता, सहअस्तित्व और आत्मीय अनुभवों पर आधारित है।
पर्यटकों की बन रहा पसंद : 25 वर्ष का युवा झारखण्ड आज देशी-विदेशी पर्यटकों की पसंद बनता जा रहा है। यहां का पर्यटन किसी भव्य प्रदर्शन से नहीं, बल्कि भूमि, लोगों और परंपराओं से गहरे जुड़ाव से परिभाषित होता है। छोटानागपुर पठार की भौगोलिक बनावट, घने जंगल, खुली घाटियां और कल-कल बहती नदियां राज्य को प्राकृतिक रूप से समृद्ध बनाती हैं। हुंडरू, दशम, जोन्हा और लोध जलप्रपात पूर्वी भारत के सबसे आकर्षक पर्यटन स्थलों में गिने जाते हैं। रांची 'झरनों का शहर', नेतरहाट 'पहाड़ों की रानी' और मैक्लुस्कीगंज 'एंग्लो इंडियन का गांव' के रूप में पहचान रखता है। झारखण्ड का पर्यटन आदिवासी विरासत से गहराई से जुड़ा है। यहां के आदिवासी समुदायों की भाषाएं, पर्व-त्योहार, नृत्य, कला और रीति-रिवाज आज भी जीवंत हैं। सरहुल, करम, सोहराय, टुसू जैसे पर्व प्रकृति और समुदाय के रिश्ते को दशार्ते हैं। सोहराय और कोहबर पेंटिंग, पैतकर कला, डोकरा शिल्प और छऊ नृत्य राज्य की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करते हैं।

सीएम हेमंत के नेतृत्व में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम पर प्रस्तुत किए जाएंगे प्रस्ताव

साहसिक पर्यटन झारखंड की नई पहचान

इसके साथ ही साहसिक पर्यटन झारखण्ड की नई पहचान बन रहा है। ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, पैराग्लाइडिंग, वॉटरफॉल रैपलिंग और जंगल ट्रैकिंग जैसी गतिविधियां तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं। पलामू टाइगर रिजर्व, दलमा हाथी अभयारण्य, उधवा बर्ड सैंक्चुअरी और हजारीबाग वन्य जीव अभयारण्य वाइल्डलाइफ प्रेमियों को आकर्षित कर रहे हैं। इन सभी पहलुओं के समग्र प्रभाव से झारखण्ड निवेश और पर्यटन के क्षेत्र में अनंत अवसरों के साथ एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

शिकायत निस्तारण में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त : उपायुक्त

PHOTON NEWS RANCHI : रांची जिला प्रशासन द्वारा जनता दरबार के बेहतर संचालन और शिकायतों के त्वरित निष्पादन को लेकर गंभीर पहल की जा रही है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने समाहरणालय में हर सोमवार आयोजित होने वाले जनता दरबार की समीक्षा को लेकर जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता दरबार आम नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। इसमें प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में विशेष रूप से भूमि से जुड़े मामलों पर फोकस किया गया। उपायुक्त ने कहा कि रांची जिले में भूमि संबंधी विवाद, दाखिल-खारिज, म्यूटेशन, सीएनटी -एसपीटी एक्ट से संबंधित प्रकरण और अन्य भूमि विवाद लंबे समय तक लंबित नहीं रहने चाहिए।

आजसू ने ईयर बैक छात्रों के लिए स्पेशल परीक्षा आयोजित कराने की उठाई आवाज

- छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल ने डीएसपीएमयू के कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

PHOTON NEWS RANCHI : आजसू छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें सत्र 2022 से 25 के बैक व अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए पुनः स्पेशल परीक्षा आयोजित कराने की मांग की। छात्र संघ ने कहा कि यह मांग छात्रों के शैक्षणिक भविष्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से की गई है। इस अवसर पर आजसू छात्र संघ के विश्वविद्यालय संयोजक रवि रोशन के साथ रोशन नायक, शिवम सिंह, बिट्टू वर्मा, आशीष कुमार, मानस, नितेश शर्मा, राज, योगेश सहित अन्य छात्र प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में बताया कि सत्र 2022-25 के सेमेस्टर 1 से 6 तक जिन छात्रों का किसी विषय में बैक लग गया था, उनके लिए विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में एक स्पेशल परीक्षा आयोजित की गई थी। हालांकि, कुछ छात्र अपरिहार्य कारणों से उस परीक्षा में शामिल नहीं हो सके, जबकि कुछ छात्र परीक्षा देने के बावजूद अनुत्तीर्ण रह गए। ऐसे में अब उन छात्रों के पास आगे पढ़ाई जारी रखने का कोई व्यावहारिक विकल्प नहीं बचा है। छात्र संघ ने यह भी स्पष्ट किया कि सत्र 2022-25 के बाद विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति लागू हो चुकी है।

NEWS BOX

तमाड़ में झारखंड बंद का असर गिरफ्तारी की मांग तेज

PHOTON NEWS RANCHI : पड़हा राजा सोमा मुंडा की हत्या के विरोध में झारखंड बंद को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में व्यापक समर्थन मिला। सम्पूर्ण आदिवासी समाज पांच परगना क्षेत्र (संगठन) और आदिवासी मूलवासी सोतो संगोम के आह्वान पर बुण्डू, तमाड़ और अड़की में बंद का असर दिखा। सुबह से ही संगठन के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर बंद को सफल बनाने में जुटे रहे। डोड़ेया मोड़ तमाड़ और अड़की के सेरेंगहातु चौक पर बंद समर्थकों की सक्रियता दिखी। बंद को लेकर पहले ही सूचना दी जा चुकी थी। संगठन के अध्यक्ष पंचानन सिंह मुंडा सहित कई पदाधिकारी इस दौरान मौजूद रहे। ज्ञात हो कि 7 जनवरी को खूंटी के जमुवादाग में अज्ञात अपराधियों ने सोमा मुंडा की हत्या कर दी थी। मौके पर उपाध्यक्ष सिदाम सिंह मुंडा, जादू सिंह मुंडा, सत्यवती मुंडा, मधुसुधन मुंडा, महेश मुंडा, शिशुपाल मुंडा, मेघनाथ मुंडा, सुमित्रा मुंडा, नीली नाग, भोलानाथ मुंडा, श्यामलाल सिंह मुंडा, गणेश मुंडा, बुधुवा मुंडा समेत अन्य मौजूद थे।

सालगाडीह में एक दिवसीय टुसु मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न

PHOTON NEWS RANCHI : तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के सालगाडीह के समीप सिरगिटि में एक दिवसीय विराट टुसु मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। परंपरागत रूप से मनाए जाने वाले इस टुसू मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही। मेले के दौरान विभिन्न टुसू चौड़ल टीमों ने आकर्षक नाच-गान की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाली टीमों को मेला समिति और सामाजिक कार्यकताओं ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में समादडीह को प्रथम, तिरुल्पीडी को द्वितीय और कासम बुरुडीह को तृतीय पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि मृत्युंजय महतो ने कहा कि ऐसे मेले से आपसी भाईचारा बढ़ता है और सामाजिक एकता मजबूत होती है। उन्होंने टुसू पर्व को पंचपरगना की सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए इसके संरक्षण पर जोर दिया।

आंगनबाड़ी भवन में पानी नहीं, दो साल से बंद

PHOTON NEWS RANCHI : तमाड़ प्रखंड के पुंडीदीरी गांव में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-3 के लिए शौचालय सहित बना सरकारी भवन पानी की कमी के कारण लगभग दो वर्षों से उपयोग नहीं हो रहा है। भवन निर्माण पूरा होने के बावजूद पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। जिससे कि केंद्र को फिलहाल एक निजी भवन में संचालित किया जा रहा है। सेविका द्वारा कई बार विभाग से पानी की व्यवस्था कराने का आग्रह किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। विभागीय कर्मियों द्वारा बिना पानी की सुविधा के ही नए भवन में केंद्र संचालन का दबाव बनाया जा रहा है। केंद्र में छोटे-छोटे बच्चे आते हैं, जिनकी देखभाल और स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों ने विभाग से संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र पानी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

एक्शन — अधिकारियों संग शहर की व्यवस्था देखने निकले नगर प्रशासक, कहा-

प्राइमरी कलेक्शन वाले कचरे का 100% करना होगा डिस्पोजल

PHOTON NEWS RANCHI : रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने शनिवार को शहर के कई इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान डोर टू डोर कलेक्शन को लेकर सख्त निर्देश दिया। साथ ही कहा कि हर दिन प्राइमरी कलेक्शन वाली कचरे का 100 परसेंट डिस्पोजल किया जाए। जिससे कि कूड़े का अंबार नहीं लगेगा। इसके अलावा उन्होंने नागा बाबा वेजिटेबल मार्केट की भी व्यवस्था देखी। जहां पर नए आटो स्टैंड के बन जाने से ट्रैफिक स्मूथ हुआ है। इसके अलावा उन्होंने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को हर हाल में मुक्त कराने का निर्देश दिया।
रांची नगर निगम शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और जाम-मुक्त बनाने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रहा है। प्रशासक ने सबसे पहले नागा बाबा खटाल और ट्रेकर स्टैंड स्थित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने नागा बाबा खटाल स्थित एमआरएफ केंद्र में चल रहे ट्रायल रन के दौरान निर्देश दिया कि प्रतिदिन शत-प्रतिशत प्राइमरी वेस्ट का प्रोसेसिंग कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही केंद्रों में कार्यरत कर्मियों की नियमित स्वास्थ्य जांच, परिसर की साफ-सफाई, सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली और वाहनों की सुगम आवाजाही के लिए पाथ-वे निर्माण के निर्देश दिए।

12 एमआरएफ सेंटर बनाने की योजना

गीले कचरे की मात्रा बढ़ाने तथा वार्ड सुपरवाइजरों को एमआरएफ संचालन का विशेष प्रशिक्षण देने पर भी जोर दिया गया। नगर निगम क्षेत्र में कुल 12 एमआरएफ सेंटर बनाए जाने की योजना है, जिनमें से दो केंद्र कार्यशील हो चुके हैं। इन सेंटरों में हाईटेक मशीनों के माध्यम से कचरे का वर्गीकरण किया जाएगा। सूखा कचरा रिसाइक्लिंग एजेंसियों को भेजा जाएगा, जबकि गीला कचरा गेल इंडिया लिमिटेड के गैस प्लांट में बायोगैस या कंपोस्ट के लिए भेजा जाएगा।

निरीक्षण करते नगर निगम प्रशासक सुशांत गौरव व अन्य

ऑटो स्टैंड का निरीक्षण

नागा बाबा वेजिटेबल मार्केट और न्यू मार्केट स्थित ऑटो स्टैंड का निरीक्षण किया। अनियंत्रित ऑटो ठहराव से उत्पन्न जाम की समस्या को देखते हुए निर्धारित ऑटो स्टैंड से यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। निरीक्षण के दौरान ऑटो चालकों से संवाद कर उन्हें निर्धारित स्टैंड, यूनिफॉर्म और नियमों के पालन के निर्देश दिए गए। इसके बाद प्रशासक ने किशोरी यादव चौक से रातु रोड चौक तक क्षेत्रीय निरीक्षण कर अवैध अतिक्रमण, अवैध निर्माण और मालवाहक वाहनों की बेतरतीब पार्किंग पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

तुपुदाना में 108 कुंडीय विश्व शांति महायज्ञ की शुरुआत आज से

RANCHI : राजधानी रांची के तुपुदाना क्षेत्र स्थित रिंग रोड ओवर ब्रिज के समीप मैदान में श्री 1008 मद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान एवं 108 कुंडीय विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ 18 जनवरी रविवार को प्रातः 9 बजे से 1100 कलशों के साथ महिला श्रद्धालुओं की भव्य कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा के साथ होगा। यह सात दिवसीय धार्मिक आयोजन 25 जनवरी तक चलेगा, जिसमें श्रद्धालुओं का विशाल जनसमूह उमड़ने की संभावना है। कार्यक्रम के यज्ञ आचार्य शशि भूषण उपाध्याय एवं आयोजक अंकित सिंह ने बताया कि कथा वाचक पूजनीय आरती पाठक (वाराणसी) प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से संध्या 6 बजे तक भागवत कथा का पाठ करेंगी।

BRIEF NEWS

नगरपालिका निर्वाचन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा

KHUNTI : नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में सभी गठित कोषांगों के वरीय पदाधिकारी और प्रभारी एवं सहायक प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान नगरपालिका निर्वाचन कोषांग, कार्मिक कोषांग, मतपत्र और मतपेटिका कोषांग, सामग्री कोषांग, परिवहन कोषांग, विधि-व्यवस्था सह आचार संहिता कोषांग, हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, मीडिया कोषांग के सुचारु संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

चुटुपालू घाटी में टकराए ट्रेकर, पिकअप वैन और बस, बाल-बाल बचे यात्री

RAMGARH : रांची-पटना एनएच 33 पर रामगढ़ के चुटूपालू घाटी में शनिवार को एक बड़ी घटना टल गई। रांची से रामगढ़ आ रहे यात्रियों से भरा ट्रेकर (बीआर 14 पी 1499), पिकअप वैन संख्या (जेएच 14 एम 5191) और बस संख्या जेएच 09 बीटी 1686 आपस में टकरा गए। घटना के बाद रांची से रामगढ़ आने वाली मार्ग करीब तीन घंटे तक अवरुद्ध हो गई। हालांकि इस घटना में ट्रेकर और बस में सवार यात्री बाल-बाल बच गए। वही, ट्रेकर में सवार मात्र एक यात्री चितरपुर निवासी 60 वर्षीय बंधु चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें एनएचएआई के एम्बुलेंस से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर, घटना सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सड़क से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाया।

बाबा दुखिया मंदिर झारखंड की अनमोल धरोहर : इरफान अंसारी

JAMTARA : झारखंड के जामताड़ा जिले में स्थित बाबा दुखिया मंदिर का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। मंदिर परिसर में हेरिटेज कॉटेज का निर्माण भी कराया जाएगा, जिससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर ठहराव की सुविधा के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद मिल सकेगा। यह बातें राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शनिवार को कहीं। डॉ. अंसारी ने बाबा दुखिया मंदिर को राज्य की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए कहा कि यह मंदिर न केवल करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, बल्कि झारखंड की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि बाबा दुखिया मंदिर उनके विधानसभा क्षेत्र जामताड़ा में स्थित है और वे विधायक बनने से पहले भी तथा मंत्री बनने के बाद भी नियमित रूप से यहां दर्शन-पूजन करते आ रहे हैं।

पुणे के उद्योगपति को पटना बुलाकर कर दिया मर्डर, चल रहा था फरार

देश के बड़े कारोबारियों को लूटने वाला बदमाश संटू हुआ गिरफ्तार

PHOTON NEWS RAMGARH : महाराष्ट्र के कारोबारी की हत्या और देश के कई बड़े कारोबारियों से करोड़ों की साइबर ठगी करने वाले अपराधी संटू को रामगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। संटू झारखंड का चर्चित साइबर अपराधी है। उसका बड़ा आपराधिक नेटवर्क भी है। वह कारोबारियों का अपहरण कर फिरौती वसूलता था। इलाके में चर्चा है कि संटू की गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। रामगढ़ पुलिस ने उसे गोला इलाके से गिरफ्तार किया है। संटू के पास से पुलिस ने 6 मोबाइल, 4 लाख 50 हजार रुपये नकद और एक बाइक जब्त की है। रामगढ़ के एसपी अजय कुमार ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि संटू उर्फ. सिंटू उर्फ कुंदन मूल रूप से बिहार के नालंदा जिले के परवलपुर थाना क्षेत्र के मोआ बंगपुर का रहने वाला है।

महाराष्ट्र के एक उद्योगपति की हत्या में संटू का हाथ है। एसपी ने बताया कि संटू गिरोह के सदस्यों ने महाराष्ट्र के पुणे की रतन दीप कास्टिंग कंपनी के मालिक लक्ष्मण शिंदे को पिछले साल 11 अप्रैल को बिजनेस डील करने का लालच देकर पटना बुलाया था। यहां हवाई अड्डे से ही उनका अपहरण कर लिया गया था। लक्ष्मण शिंदे को नालंदा (बिहार) जिले के हिलसा इलाके में रखा गया था। शिंदे के परिवार से 12 लाख रुपये ऑनलाइन मंगाए गए थे। इसके बाद लक्ष्मण शिंदे से उनका एटीएम का पिन कोड मांगा जा रहा था। लेकिन, लक्ष्मण शिंदे ने बदमाशों को एटीएम का पिन कोड नहीं बताया। इसके बाद गिरोह के सदस्यों ने उनकी पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और शव को जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र में फेंक दिया था। एसपी ने बताया कि लक्ष्मण शिंदे की हत्या के मामले में पुलिस को संटू की तलाश थी। तब से संटू फरार चल रहा था। अब उसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

लक्ष्मण शिंदे की हत्या के मामले में पुलिस पहले ही उसके गिरोह के शिवराज सागी उर्फ. रंजीत पटेल, संगीता कुमारी, विकास कुमार, कुंदन कुमार, लाल बिहारी, विपत्र कुमार, सचिन रंजन, सुमित कुमार, संतोष कुमार आदि को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

12 बड़े व्यवसायियों को बना चुका था लूट का शिकार

बैंकों की वेबसाइट हैक कर लेता था संटू

एसपी अजय कुमार ने बताया कि संटू एक शातिर अपराधी है। उसने कई बैंकों की वेबसाइट भी हैक कर ली थी। जब कोई व्यक्ति वेबसाइट पर क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करता था, तो वह कस्टमर केयर बनकर लोगों को फोन करता और साइबर ठगी करता था। वह लोगों के मोबाइल पर एपीके फाइल इंस्टॉल करवा कर मोबाइल का एक्सेस कर लेता था और लोगों के बैंक अकाउंट खाली कर देता था।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान संटू ने कबूला है कि उसने देश के 12 बड़े व्यापारियों को लूटा है। साल 2025 में राजकोट के कौशिक केडिया से 7 लाख रुपये, जितेश कुमार से पांच लाख रुपये, सोमनाथ पटेल से चार लाख रुपये, महाराष्ट्र के महेश भाई से पांच लाख रुपये, गुजरात के शंभाजी से आठ लाख रुपये, रितु कास्टिंग कंपनी के मालिक का अपहरण कर उनसे 10 लाख रुपये, दीपक कुमार कनोडिया से सात लाख रुपये, पुणे के रहने वाले शंभाजी से सात लाख रुपये और कौशिक भाई से 30 लाख रुपये की वसूली की है।

रिटायर्ड इंजीनियर का घर किराए पर लेकर रह रहा था बदमाश

बताया जा रहा है कि पुलिस संटू को तलाश कर रही थी। बचने के लिए वह रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र इलाके में हेरमदगा गांव में छिप गया था। यहां वह रिटायर्ड इंजीनियर कृष्ण कुमार प्रसाद के घर में किराए पर कमरा लेकर रह रहा था और यहीं से साइबर अपराध को अंजाम दे रहा था। उसके ऊपर साइबर ठगी के 12 मामले दर्ज हैं। यही नहीं, संटू ने कई स्क्रैप कारोबारियों को किडनैप कर उनसे फिरौती के तौर पर मोटी रकम वसूली है।

एक करोड़ 60 लाख की ऑनलाइन ठगी

इसके अलावा उसने साइबर अपराध के जरिए एक करोड़ 60 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी की है। साइबर ठगी से वसूली गई रकम से संटू ने एप्पल के तीन मोबाइल के अलावा रॉयल एनफील्ड की बुलेट बाइक खरीदी थी। यही नहीं, उसने अपने जीजा रतन मंडल के नाम से एक स्कॉर्पियो कार भी खरीदा था। पुलिस इन सब सामान को जब्त करने की कार्रवाई करेगी।

झारखंड बंद का खूंटी व चाईबासा में दिखा व्यापक असर

- सोमा मुंडा हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी से संतुष्ट नहीं हैं आदिवासी संगठन, नेताओं ने कहा–पुलिस कर रही खानापूर्ति

PHOTON NEWS KHUNTI/CHAIBASA : खूंटी के पड़हा राजा सोमा मुंडा हत्याकांड को लेकर आदिवासी संगठनों ने शनिवार को झारखंड बंद का आह्वान किया था। इसके तहत राज्य भर में विरोध प्रदर्शन हुए, लेकिन सबसे ज्यादा असर खूंटी व चाईबासा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिला। खूंटी जिले भर में दुकान-बाजार बंद रहे, बसों सहित चारपहिया वाहनों के चक्के थम गए। आंदोलनकारियों ने सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इसे लेकर इलाके के स्कूल-कॉलेज, पेट्रोल पंप आदि बंद रहे। खूंटी जिला मुख्यालय के अलावा तोरपा, मारचा, कर्रा, रनिया समेत कई इलाकों में बंद समर्थक सड़कों पर उतरे। विभिन्न स्थानों पर सड़क जाम किए जाने से मुख्य और संपर्क मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई घंटे तक वाहन जहां-तहां फंसे रहे, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

झारखंड बंद को सफल बनाने के उद्देश्य से आदिवासी संगठनों ने शुक्रवार की शाम मशाल जुलूस भी निकाला था। समाचार लिखे जाने तक जिले से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

आदिवासी मुंडा समाज, आदिवासी एकता मंच, आदिवासी स्वशासन एकता मंच और आदिवासी हो महासभा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने कहा कि पुलिस अभी तक मुख्य अपराधी को नहीं पकड़ सकी है, जबकि दिखावे के लिए निर्दोष को गिरफ्तार दिखाया जा रहा है। उनका आरोप है कि अब तक सात आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, लेकिन हत्याकांड के असली शूटर और साजिशकर्ता अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। गौरतलब है कि अबुआ झारखंड पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और आदिवासी नेता सोमा मुंडा की 7 जनवरी की शाम को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आदिवासी संगठनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस मामले की निष्पक्ष जांच के बजाय लीपापोती कर रही है और जनदबाव में आकर निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर अपनी कार्रवाई पूरी दिखाने का प्रयास कर रही है।

धर्मरक्षिणी पौरोहित्य महासंघ ने मनाया स्थापना दिवस

JAMSHEDPUR : धर्मरक्षिणी पौरोहित्य महासंघ ने शनिवार को साकची स्थित वेद अनुशीलन केंद्र में त्रयोदश स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इसमें जमशेदपुर के विभिन्न स्थानों के आचार्य-पुरोहित सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय व विशिष्ट अतिथि जैप-डीएसपी अरुणा मिश्रा के अलावा मिथिला सांस्कृतिक परिषद के सचिव धर्मेश कुमार झा, जदयू नेता मुकुल मिश्रा, समाजसेवी सौरभ विष्णु, डीडी त्रिपाठी, अप्पू तिवारी, विष्णु भगवान पाठक, मुन्ना चौबे, शिशिर कुमार झा आदि भी मंचस्थ रहे।

NEWS BOX

समस्तीपुर के न्यायिक दंडाधिकारी की पत्नी को मारी गोली, रेफर

PHOTON NEWS GODDA : बिहार के समस्तीपुर में पदस्थापित न्यायिक दंडाधिकारी संतोष कुमार साह की पत्नी वंदना साह (35) को गोली मारी गई है। बताया जाता है कि हमलावर कोई और नहीं, न्यायिक दंडाधिकारी का भाई गुड्डू साह व प्रमोद कुमार साह है। दोनों बाइक पर आए और सामने से वंदना साह को गोली मारी। वंदना शनिवार को गोड्डा कोर्ट से गवाही देकर अपने मायके हनवारा थाना क्षेत्र के परसा गांव लौट रही थी। वंदना के साथ उनका भाई बालकृष्ण साह था। वे दोनों भी बाइक पर थे। यह घटना पथरगामा के गांधीग्राम फ्लाईओवर के पास हुई। इसमें एक गोली वंदना की ठुड्डी और दूसरी पीठ में लगी है। घायल वंदना को पहले पथरगामा सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे गोड्डा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। देर शाम एक गोली निकाल ली गई, जबकि दूसरी पीठ में फंसी है। उसे बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भागलपुर रेफर कर दिया गया है। महिला के भाई ने बताया कि उनकी बहन का पति के साथ विवाद चल रहा है। वह इसी मामले में बयान देने कोर्ट गई थी। उनलोगों के साथ दो अन्य अपराधी भी थे। वंदना ने भी फायरिंग का आरोप अपने देवरों पर लगाया है।

गोपाल मैदान में 21 को होगा विराट टुसु मेला का आयोजन

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : झारखंड वासी एकता मंच के मुख्य संयोजक आस्तिक महतो एवं संयोजक– सह– सांसद बिद्युत बरण महतो ने बताया कि 21 जनवरी को बिष्टुपुर स्थित गोपाल (रीगल) मैदान में भव्य टुसु मेला का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को सोनारी स्थित विकास भवन (कारमेल स्कूल के पीछे) में पत्रकारों को बताया कि मेला का मुख्य आकर्षण विशाल टुसु प्रतिमा व चौड़ल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, टुसु व झुमुर गीत व नकद ईनाम होगा। सांसद ने बताया कि यह आयोजन का 21वां वर्ष है, जिसमें कोल्हान सहित रांची, तमाड़, खूंटी आदि जिलों सहित पश्चिम बंगाल व ओडिशा से भी प्रतिभागी आएंगे। गत वर्ष 350 से अधिक टुसु–चौड़ल पहुंचे थे। मेला को लेकर आयोजकों ने पोस्टर जारी किया, जिसमें मंच के सहसंयोजक बबलू महतो, सुखदेव महतो, सचिन महतो, अनन्तो प्रधान, करमु हांसदा, उमानाथ झा, चुनका मार्डी, सत्यनारायण महतो, धनंजय महतो व गोपाल महतो भी शामिल थे।

परसुडीह में गैरेज में लगा दी आग, तीन कारें जलकर राख

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : परसुडीह थाना क्षेत्र के करनडीह रोड स्थित एक गैरेज में शुक्रवार की देर रात कुछ आपराधिक तत्वों ने आग लगा दी। इस घटना में गैरेज में मरम्मत के लिए रखी तीन कारें जलकर राख हो गईं। बताते हैं कि यह गैरेज वैद्यनाथ महतो और मंगल कुजूर चलाते हैं। शुक्रवार की रात दोनों गैरेज में नहीं थे। घटना के वक्त एक स्टाफ गैरेज के अंदर सो रहा था। आग व धुएं से उसकी तबीयत बिगड़ गई है। गैरेज संचालकों का कहना है कि घटना को किसी ने प्लानिंग करके अंजाम दिया है। उनका कहना है कि इस घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आग लगाने वालों को पकड़ लिया जाएगा और उन्हें जेल भेजा जाएगा। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए उन बदमाशों का पता लगाया जाएगा, जिन्होंने आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

युवा उद्यमी के अपहरण पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने घेरा एसएसपी ऑफिस

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : बिष्टुपुर के सर्किट हाउस एरिया निवासी युवा उद्यमी कैरव गांधी का 13 जनवरी को अपहरण हो गया था। इस मामले में अब तक कुछ पता नहीं चला है। इस घटना के विरोध में भाजपा ने शनिवार को एसएसपी ऑफिस का घेराव किया। इस मौके पर सांसद बिद्युत बरण महतो और जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने एसएसपी पीयूष पांडेय से मांग की, कि पुलिस कैरव गांधी को अविलंब बरामद करे और उनके अपहरणकताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजे। इस दौरान भाजपाइयों ने जमकर नारेबाजी की। भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पोस्टर और पंपलेट लिए हुए थे। इस पर लिखा था कि झारखंड की कानून व्यवस्था लगातार गिरती जा रही है। भाजपा के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि अपहरण की इस घटना से कारोबारियों में दहशत है। पुलिस जल्द मामले का खुलासा करे और कैरव गांधी को बरामद कर उनके परिवार को सौंपे। पूर्णिमा साहू ने कहा कि पिछले साल नवंबर में उनके विधानसभा क्षेत्र के बिरसानगर से गाय चोरी हुई थी। पुलिस अब तक न गाय बरामद कर पाई, ना चोरों को पकड़ पाई। विधायक ने कहा कि सिदगोड़ा से एक बालक अपने घर से रुष्ट होकर भाग गया है। पुलिस अब तक उस बालक का पता नहीं लगा पाई है। पूर्णिमा साहू ने कहा कि पुलिस कानून व्यवस्था संभालने की जगह हेलमेट चेकिंग में लगी है। कोई बाइक सवार बिना हेलमेट के पकड़ा जाए तो पुलिस उस बाइक सवार को हेलमेट दे। उस हेलमेट का पैसा ले। जब भी वह बाइक सवार बिना हेलमेट के पकड़ा जाए।

जेएलकेएम आज रामगढ़ में करेगा रैयत विस्थापित अधिकार महासभा

RAMGARH : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) रविवार को रैयत विस्थापित अधिकार महासभा आयोजित करेगा। रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के अरगड्डा स्थित श्रमिक फुटबॉल मैदान में आयोजित महासभा में जेएलकेएम पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डूमरी विधायक टाइगर जयराम महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। नगर कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय महतो ने बताया कि उनकी पार्टी जनता के हक, अधिकार और सवालों को लेकर संघर्षरत रही है। जेएलकेएम की ओर से आयोजित सभाओं को रैयत विस्थापित अधिकार महासभा, खतियानी अधिकार महासभा और विस्थापित अधिकार महासभा जैसे नाम दिए जाते हैं, क्योंकि ये सीधे तौर पर जनता के वास्तविक मुद्दों से जुड़े होते हैं।

चाईबासा में हाथी के हमले से आक्रोशित ग्रामीणों ने फूंका वन विभाग का पुतला

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोन्टो प्रखंड के नीमडीह गांव में हाथियों के हमले से त्रस्त ग्रामीणों ने वन विभाग का पुतला दहन किया। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी कई दिनों से घरों को तोड़ रहा है। जानमाल का खतरा बना हुआ है, लेकिन वन विभाग के लोग नहीं आ रहे हैं। आदिवासी किसान मजदूर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जॉन मिरन मुंडा ने कहा कि बहुत दुख होता है, जो सबसे बुद्धिमान और शांत जानवर हाथी आज इतना आक्रामक होता जा रहा है। इसका मूल कारण है कंपनियों के लिए जंगल-पहाड़ को गलत तरीके से खनन करना और अवैध तरीके से पेड़ों को काटना और ये सब वन विभाग की लापरवाही के कारण हो रहा है। आज अगर 22 लोगों की जान गई है, तो वन विभाग ही दोषी है। समय रहते गंभीरता से विभाग काम करता, तो इतने लोगों की जान नहीं जाती। वन विभाग हमेशा से जंगल में बसे आदिवासियों को छोटे-छोटे मामलों में परेशान करता है, लेकिन आज चुप्पी साधे हुए है। यदि पागल हाथी को जल्द नहीं पकड़ा गया, तो जिले में चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। ओडिशा में मृतक परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा दिया जाता है, जबकि झारखंड सरकार मात्र 4 लाख रुपये देती है। हमारी पार्टी मांग करती है कि मृतक परिवार को 1 करोड़ और घर बनाने के लिए 10 लाख रुपये दिया जाए।

जीवन अनमोल सड़क सुरक्षा की बैठक में डीसी ने कहा- कार्रवाई के डर से नहीं, हिफाजत के लिए करें यातायात नियमों का पालन

दिसंबर में हुई थीं 34 दुर्घटनाएं, बगैर हेलमेट वाले 16 की मौत

PHOTON NEWS JSR : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय, सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से अनुपालन के साथ-साथ हिट एंड रन मामलों में मुआवजा भुगतान एवं अन्य संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

समीक्षा के क्रम में यह बात सामने आई कि पूर्व से चिह्नित ब्लैकस्पॉट में दिसंबर-2025 में कोई सड़क दुर्घटना नहीं हुई, लेकिन गत माह की सड़क दुर्घटनाओं में ज्यादातार मौतें चालकों की लापरवाही से हुईं। दिसंबर में हुई 34 सड़क दुर्घटनाओं में 20 लोगों की मृत्यु हुई, जिनमें 16 लोगों की मौत बाइक चलाने के दौरान हेलमेट का प्रयोग नहीं करने के कारण हुआ। वहीं कुछ मौतों में गलत दिशा में वाहन चलाने, वाहनों की तेज गति तथा ड्रिंक एंड ड्राइव भी कारण बने। उपायुक्त द्वारा सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को और व्यापक स्तर पर ले जाने पर बल दिया गया। विशेषकर स्कूल-कॉलेज के बच्चों के बीच जागरूकता लाने तथा ट्रैफिक पुलिस को सघन जांच के निर्देश दिए। एमवीआई को ग्रामीण क्षेत्र के थाना क्षेत्रों में भी निरंतर यातायात नियमों के अनुपालन के लिए वाहन जांच अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया गया। उत्पाद विभाग के पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अनुज्ञप्ति प्रदत्त शराब दुकानों के आसपास होटल-ढाबों, सार्वजनिक स्थलों एवं गैरलाइसेंसी स्थलों में शराब का सेवन और बिक्री नहीं हो, इस पर निरंतर निगरानी बनाए रखेंगे। उपायुक्त द्वारा हिट एंड रन के लंबित मामलों में इंश्योरेंस कंपनी के पास लंबित मामलों की पुनर्समीक्षा कर प्रभावित परिवारों को मुआवजा भुगतान में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

351 ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड, 23 लाख रुपये वसूला गया जुर्माना

दिसंबर में सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना पर 351 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किया गया। वाहन जांच अभियान में हेलमेट, सीटबेल्ट का प्रयोग नहीं करने तथा यातायात नियमों के उल्लंघन से संबंधित अन्य मामलों में 23 लाख 81 हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला गया। 2689 नए ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए, जिनमें 2264 पुरुष एवं 425 महिलाएं शामिल हैं।

ये भी रहे उपस्थित

बैठक में एसडीएम धालभूम अर्नव मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राहुलजी आनंदजी, एडीसी संतोष गर्ग, डीटीओ धनंजय, एसडीओ घाटशिला सुनील चंद्र, डीएसपी ट्रैफिक नीरज, डीएसपी हेडक्वार्टर भोला प्रसाद व अन्य डीएसपी, एमवीआई सूरज हेंब्रम समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी और ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल थे।

डीएम लाइब्रेरी के लिए पुस्तक दान अभियान की हुई शुरुआत

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले में पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देने एवं नवनिर्मित डीएम लाइब्रेरी को समृद्ध बनाने के लिए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शनिवार को पुस्तक दान अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर उपायुक्त एवं उपनगर आयुक्त, जेएनएसी ने कुल 25 पुस्तकें दान कीं। उपायुक्त ने कहा कि पुस्तकें केवल ज्ञान का स्रोत नहीं, बल्कि समाज के बौद्धिक विकास की आधारशिला होती हैं। डीएम लाइब्रेरी को ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए नागरिकों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। पुस्तक दान अभियान के अंतर्गत यह निर्णय लिया गया है कि सभी पुस्तक दाताओं के नाम डीएम लाइब्रेरी परिसर में स्थापित सम्मान पट्टिका पर अंकित किए जाएंगे। विशेष दाताओं के सम्मान में पुस्तकालय के चयनित कक्षों एवं पुस्तकों की अलमारियों का नामकरण भी किया जाएगा। दस या उससे अधिक पुस्तकें दान करने वाले व्यक्ति को एक वर्ष की निःशुल्क लाइब्रेरी सदस्यता, जबकि सौ या उससे अधिक पुस्तकें दान करने वाले व्यक्तियों को आजीवन निःशुल्क लाइब्रेरी सदस्यता प्रदान की जाएगी।

हिंदू समाज की संगठित शक्ति से होगी अखंडता की रक्षा : दत्तात्रेय होसबाले

DARBHANGA : बिहार में दरभंगा जिले के तारडीह प्रखंड अंतर्गत लगमा गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एकदिवसीय विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक समरसता और हिंदू समाज की एकता पर विशेष जोर दिया। सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब-जब हिंदू समाज में विभाजन की दरार उत्पन्न हुई है, तब-तब विदेशी आक्रांताओं ने देश पर शासन किया है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की एकता ही भारत को सशक्त बनाती रही है और यही देश की सबसे बड़ी ताकत रही है। जब समाज संगठित रहा, तब राष्ट्र ने उन्नति की और जब समाज में बंटवारा हुआ, तब देश को बाहरी आक्रमणों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की संगठित शक्ति ही भारत की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय अखंडता की रक्षा कर सकती है। वर्तमान समय में समाज के प्रत्येक वर्ग को एकजुट होकर सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने की आवश्यकता है। दत्तात्रेय होसबाले ने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे अपने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति सजग एवं जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनकी सक्रिय, सकारात्मक सहभागिता से ही देश को नई दिशा मिल सकती है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा का उल्लेख करते हुए सरकार्यवाह ने कहा कि ह्वसुधैव कुटुम्बकम्ह्व की भावना भारतीय संस्कृति की आत्मा रही है, जिसमें पूरे विश्व को एक परिवार माना गया है। इसी सोच के कारण भारत ने कभी आक्रमणकारी बनने का मार्ग नहीं अपनाया, बल्कि सदैव ज्ञान, संस्कृति, शांति और मानवता का संदेश विश्व को दिया है। सम्मेलन में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। आसपास के क्षेत्रों से भी लोगों की भारी भीड़ सम्मेलन में पहुंची। कार्यक्रम के पश्चात दत्तात्रेय होसबाले ने दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) में आयोजित आरएसएस शताब्दी वर्ष संगोष्ठी को भी संबोधित किया। इससे पूर्व लगमा गांव स्थित जेएनवी आदर्श संस्कृत महाविद्यालय परिसर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में दत्तात्रेय होसबाले का मिथिला की परंपरा के अनुसार पाग पहनाकर स्वागत किया गया। मंच पर अन्य विशिष्ट विद्वानों के साथ लगमा संस्थान के बाबा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, अन्य प्राध्यापक एवं अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

■ इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब-जब हिंदू समाज में विभाजन की दरार उत्पन्न हुई तब-तब विदेशी आक्रांताओं ने देश पर किया शासन

संबोधित करते दत्तात्रेय होसबाले

समृद्धि यात्रा के क्रम में पूर्वी चंपारण पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

सीएम ने 172 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

AGENCY EAST CHAMPARAN : समृद्धि यात्रा के दूसरे दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को मोतिहारी पहुंचेइस दौरान उन्होंने पूर्वी चम्पारण जिले में विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया और अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया इसके साथ ही उन्होंने 138 करोड़ की लागत की 30 योजनाओ का उद्घाटन व 34 करोड़ की लागत की कुल 40 योजनाओ का शिलान्यास किया।

समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने मोतिहारी के महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने टाटा टेक के सहयोग से चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और छात्राओं से जानकारी ली। छात्राओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि हमलोगों को इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम से काफी फायदा हो रहा है तथा बहुत कुछ सीखने का मौका मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर पूर्वी चम्पारण जिले के लिए सभी योजनाओं का उद्घाटन किया इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के क्रम में लघु उद्यमी योजना से लाभुक उद्यमियों के उत्पादों को देखा और उनकी सराहना की।

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से बातचीत करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 27 हजार 429 जीविका स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न बैंक लिंकेज के माध्यम से आर्थिक सहायता हेतु 370 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि आप लोग बेहतर करें इसके बाद मुख्यमंत्री ने शहर से सटे मजुराहाँ में धनौती नदी पर निर्माणाधीन उच्चस्तरीय आरसीसी पुल सह पहुंच पथ का जायजा लिया। जायजा के क्रम में अधिकारियों को निर्देश देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे जल्द पूर्ण करें, इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने पूर्वी चम्पारण जिले के कल्याणपुर प्रखंड स्थित निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर के प्रगति कार्य का जायजा लिया तथा सहस्त्रलिंगम पूजन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मंदिर परिसर का भ्रमण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, युवा, रोजगार एवं कौशल विभाग के सचिव कौशल किशोर, बिहार राज्य पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह, पूर्वी चम्पारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

योजना का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व अन्य

जहानाबाद की पीड़िता के परिजनों के साथ एसएसपी से मिले पीके

AGENCY PATNA : जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर (पीके) शनिवार को पटना एसएसपी कार्यालय पहुंचे। उनके साथ पटना के एक गर्ल्स हॉस्टल में रहकर मेडिकल एग्जाम की तैयारी कर रही जहानाबाद की छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में पीड़िता के परिजन मौजूद थे। इस मुलाकात का उद्देश्य प्रदर्शन के बाद जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनके साथ मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने और कानूनी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अनावश्यक कार्रवाई से बचाने की अपील करना था। इस दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि जैसा कि शुक्रवार को हम पीड़ित परिवार से उनके घर (जहानाबाद) में मिले थे, उसके बाद सरकार ने मामले में संज्ञान लेते हुए एसआईटी का गठन किया है। अब हम लोगों को

अपेक्षा है कि एसआईटी मामले की जांच करे और जिनके साथ अन्याय हुआ है उनको न्याय मिले। आज एसएसपी से मिलने की दो वजहें रही हैं। पहला, परिवार का मानना है कि जो आईओ (इंवेस्टिगेशन ऑफिसर) जो मामले की जांच कर रहे थे, उस महिला पदाधिकारी के प्रति पीड़ित परिवार का आक्रोश है, ऐसे में वे चाहते हैं कि उनपर विभागीय कार्रवाई हो। दूसरा, इस घटना के विरोध में बीते दिनों कारगिल चौक पर पीड़िता के परिजनों और युवाओं ने धरना-प्रदर्शन किया था, जिनपर एफआईआर हो गया है।

मधेपुरा में डंपर व कार के बीच हुई भीषण टक्कर में चार युवकों की गई जान

AGENCY MADHEPURA : बिहार के मधेपुरा जिले से शनिवार सुबह मधेपुरा-वीरपुर नेशनल हाईवे (एन एच 106) पर एक तेज रफ्तार हाइवा और कार के बीच हुई भीषण टक्कर में कार सवार चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिजली कार्यालय (पावर ग्रिड) और बीएन मंडल यूनिवर्सिटी के समीप घटित हुआ। जानकारी के अनुसार, शनिवार तड़के कोहरे और अंधेरे के दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित हाइवा ने कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और हाइवा के नीचे जा घुसा। कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चारों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने

बताया कि टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग दहल गए। सुबह-सुबह घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत सदर थाना पुलिस और एंबुलेंस को जानकारी दी गई। सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से कार में फंसे शवों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक सभी की पहचान हो गई है। एक मृतक सोनू कुमार पिता अशोक साह गुलजारबाग वार्ड-20 मधेपुरा और दूसरा साहिल राज पिता सुबोध कुमार साह वार्ड-13 मस्जिद चौक मधेपुरा का निवासी था। तीसरा उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र निवासी साजन कुमार और चौथे मृतक की पहचान भराही थाना क्षेत्र निवासी रुपेश कुमार के रूप में हुई है। चारों दोस्त थे।

BRIEF NEWS

ट्रक से 43 गाय-बछड़े बरामद, मवेशी तस्कर की तलाश जारी

KATIHAR : कटिहार जिला के मुफस्सिल थानाध्यक्ष को 16 जनवरी की गुप्त सूचना मिली थी कि भोरीबाड़ी मार्ग होते हुए बंगाल की ओर एक ट्रक में अवैध रूप से मवेशियों को लादकर ले जाया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष ने अपने पुलिस बल के साथ भोरीबाड़ी फोल्ड के समीप पहुँचकर घेराबंदी की। मुफस्सिल थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रक की विधिवत तलाशी ली गई, जिसमें ट्रक से कुल 43 (तैंतालीस) गाय-बछड़ा बरामद किए गए। इस मामले में मुफस्सिल थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अवैध मवेशी परिवहन में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। इस कार्रवाई से अवैध मवेशी परिवहन पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

नालंदा जिले में फार्मर रजिस्ट्री के लिए डीएम ने बढ़ाया समय

NALANDA : नालंदा जिले में एग्री स्टैक परियोजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री के पुनः द्वितीय चरण को मिशन मोड में कैंप के माध्यम से तिथि बढ़ा कर 17 जनवरी से 21 तक किया गया है। इसके लिए जिलाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को निर्देशित किया है कि जिले भर में प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से कैम्प आयोजित कर कार्यों में प्रगति लायी जाए। विदित हो कि एग्री स्टैक परियोजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री का कार्य जिलेभर में कैम्प मोड में किया जा रहा है। प्रथम चरण का कैम्प 6 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित किया गया था, जिसमें बहुत सा किसानों की फार्मर आई डी नहीं बन सका जिसके लिए पुनः द्वितीय चरण में तिथी बढ़ा कर निशन मोड में कैम्प के माध्यम से फार्मर आई डी बनाये जाने का आदेश जारी किया गया है।

नीट की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध मौत में तेज हुई जांच

PATNA : राजधानी पटना के शंभू गर्ल्स हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध मौत मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने अपनी जांच तेज कर दी है। घटना को लेकर पटना पुलिस और सरकार पर उठ रहे सवालों के बीच पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने एसआईटी का गठन किया है, जिसकी कमान पटना के आईजी जितेंद्र राणा ने खुद संभाल ली है। गठित एसआईटी में सिटी एसपी (पूर्व) परिचय कुमार के साथ एक महिला डीएसपी, एक महिला इंस्पेक्टर, एक पुरुष इंस्पेक्टर, एक सब-इंस्पेक्टर, एक एएसआई और कांस्टेबल शामिल हैं। एसआईटी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पटना आईजी पूरे अनुसंधान पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही या साक्ष्यों से छेड़छाड़ की गुंजाइश न रहे। शनिवार की सुबह आईजी जितेंद्र राणा खुद शंभू हॉस्टल पहुंचे और घटनास्थल की बारीकी से जांच की।

NEWS BOX

139 लीटर विदेशी शराब बरामद

AGENCY KATIHAR : कोढ़ा थाना पुलिस ने गेड़ाबाड़ी पेट्रोल पंप के पास एक जर्जर मकान से 139.2 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि 16 जनवरी की रात्रि में गुप्त सूचना मिली थी कि गेड़ाबाड़ी पेट्रोल पंप के समीप स्थित एक जर्जर मकान में विदेशी शराब छुपाकर रखी गई है। इस सूचना के आधार पर कोढ़ा थानाध्यक्ष ने अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर गेड़ाबाड़ी पेट्रोल पंप के समीप छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में उक्त जर्जर मकान से कुल 139.2 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई, जिसमें विभिन्न ब्रांड की शराब शामिल है। इस मामले में अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है और शराब तस्करों की पहचान के लिए जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में शराबबंदी को सख्ती से लागू करने के लिए जिला पुलिस कटिबद्ध है। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया है और पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान जिले में शराबबंदी को सख्ती से लागू करने के लिए चलाया जा रहा है।

संस्कृत सामान्य ज्ञान मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न

AGENCY BHAGALPUR : भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति बिहार के तत्वावधान में संचालित आनन्दराम ढांढनियां सरस्वती विद्या मंदिर भागलपुर के केंद्र पर प्रांत द्वारा आयोजित संस्कृत सामान्य ज्ञान मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता परीक्षा में भागलपुर विभाग के कुल बारह विद्यालयों से लगभग 400 भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। भागलपुर विभाग के जिला निरीक्षक सह प्रांतीय पर्यवेक्षक सतीश कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर परीक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षाएं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, जिनके माध्यम से वे अपने ज्ञान, बौद्धिक क्षमता एवं संस्कृत भाषा के प्रति रुचि का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परीक्षाएँ विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं तथा उनमें आत्मविश्वास का विकास करती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमंत कुमार ने कहा कि संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक है।

नालंदा डीएम ने ई-कार्य प्रगति का किया औचक निरीक्षण

AGENCY NALANDA : नालंदा जिलांतर्गत किसान भवन में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसान आई डी बनाने की कार्य को लेकर शनिवार को जिला पदाधिकारी द्वारा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान रहुई प्रखंड अंतर्गत ई - कार्य प्रगति का औचक निरीक्षण किया गया। विदित हो कि नालंदा जिला अंतर्गत किसानों की सुविधा हेतु किसान रजिस्ट्री शिविर जिले के सभी 231 पंचायतों में एक साथ संचालित किया गया है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक किसानों का किसान रजिस्ट्रीकरण सुनिश्चित करना है ताकि उन्हें राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ सुलभ रूप से प्राप्त हो सके। किसान रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का अद्यतन एवं प्रमाणिक डाटा संकलित किया जाएगा जो भविष्य में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक होगा। उक्त शिविर को सफल बनाने के लिए नालंदा जिले के सभी प्रखंडों में किसान रजिस्ट्री शिविर का आयोजन किया गया है।

भागलपुर में हथियार और स्मैक के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

AGENCY BHAGALPUR : जिले के सुल्तानगंज थाना अंतर्गत एक अपराधकर्मी को 01 देशी कट्टा, 05 जिंदा कारतूस, 02 मोबाइल एवं 14 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी सिटी एसपी शैलेंद्र कुमार सिंह ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। उल्लेखनीय है कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध शराब, आर्म्स, मादक पदार्थ आदि की बरामदगी के लिए सघन गश्ती एवं चोरी/छिनतई के हॉट-स्पॉट पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ की सुल्तानगंज थाना कांड सं 23/2026 के वादी के हत्या की फिराक में एक अपराधकर्मी मृत्युंजय यादव अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

समस्याओं का होगा त्वरित निवारण, सोम व शुक्र को सुनीं जाएंगी आम लोगों की शिकायतें

AGENCY KATIHAR : बिहार सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़, संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाने के संबंध में सात निश्चय-3 के तहत रसबका सम्मान-जीवन आसानर कार्यक्रम शुरू किया है। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने शनिवार को बताया कि जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में सोमवार और शुक्रवार को आम लोग अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। संबंधित पदाधिकारी इन दिनों में अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतों सुनेंगे और उनका त्वरित निराकरण करेंगे। यदि कोई पदाधिकारी इन दिनों में उपस्थित नहीं रहते हैं, तो उनके स्थान पर उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी लोगों से मिलने के कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर 12 बजे से दो बजे तक तथा अंचल स्तर पर 10:30 बजे से 01:00 बजे तक जनता दरबार आयोजित किया जायेगा।

बड़ी पहल

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत किया गया फैसला

नालंदा जिला में दो हजार छतों पर सोलर संयंत्र लगाने का लक्ष्य

AGECY NALANDA : जिला मुख्यालय स्थित हरदेव भवन सभागार में शनिवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नालंदा जिला द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों का प्रमुखता से उल्लेख किया गया जिसमें विद्युत अधीक्षण अभियंता बताया गया कि जागरूक उपभोक्ताओं एवं कर्मठ संवेदकों के परिश्रम के फलस्वरूप ही नालंदा पूरे बिहार में दूसरा स्थान हासिल किया है। मौके पर जिला पदाधिकारी के द्वारा तीस ऐसे उपभोक्ताओं को पुरस्कृत किया गया जिनके द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर संयंत्र स्थापित कर खपत की जाने वाली ऊर्जा राशि शून्य कर ली गई है। पुरस्कृत उपभोक्ताओं में काशी तकिया निवासी संदीप कुमार, किशन बाग निवासी अनीता देवी, सकुनत कला निवासी अनील कुमार, बड़ी खासगंज निवासी मो० अमियाज जाफरी, कल्याण बिघा निवासी सोनी कुमारी एवं चण्डी निवासी शम्भुलाल विश्वकर्मा इत्यादि प्रमुख रहे। उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कार प्रदान किये गये। साथ ही जिले में बेहतर कार्य करने वाले पाँच चयनित

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संबंद्ध संवेदकों को भी पारितोषिक के साथ गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर नगर आयुक्त बिहारशरीफ, उप विकास आयुक्त नालंदा एवं मुख्य अभियंता (परियोजना), विद्युत भवन, पटना द्वारा बताया गया कि योजना के विस्तृत स्वरूप की जानकारी सभी उपभोक्ताओं को दी गई है। इस संबंध में डीएम ने बताया कि शहरी व ग्रामीण परिवेश में सौर ऊर्जा आज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही सूर्य ऊर्जा का अनंत स्रोत है एवं यह स्रोत प्रदूषण रोकने एवं पर्यावरण के उत्थान के लिये सहायक है।

37.39 करोड़ से आधुनिक भवन का किया जाएगा निर्माण : सम्राट चौधरी

PATNA : बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पटना जिलान्तर्गत पुलिस ऑफिसर्स मेस (आईपीएस मेस) के नए भवन के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा आईपीएस मेस का भवन (बी+जी+4 निर्माण) संरचना में निर्मित किया जाएगा, जिसमें फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाएं शामिल होंगी। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत सैंतीस करोड़ उनचालीस लाख तिरसठ हजार चार सौ रुपये हैं। उन्होंने कहा-बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के लिए आधुनिक, सुरक्षित और सुविधायुक्त आधारभूत संरचना विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पर्याप्त संसाधन जुटाने की अति चाहत

हर कोई अपने लिए पर्याप्त संसाधन जुटाना चाहता है, ताकि हर स्थिति का मुकाबला किया जा सके और इस बात की दौड़ लगी रहती है कि थोड़ा और हो जाता तो अच्छा होता, पर पर्याप्त की मरीचिका आगे-आगे भागती है और हम पीछा ही करते रहते हैं। आम आदमी की जिंदगी में अक्सर ऐसी परिस्थिति आती रहती है, जब सामने कोई नए मॉडल का फोन या कार, शर्ट या बैग या फिर कुछ भी नया लिए सजा-धजा दिखता है। इसे देख हमें भी लगता है कि वह सब मेरे पास भी हो । एक बार मेरे सामने भी एक युवा एक नए मॉडल के फोन के साथ फोटो खींच रहा था। मेरे मन में भी हिलोर उठी और मुझे लगा कि मेरे पास भी यह फोन होना चाहिए । फिर मैंने अपनी इच्छा पर किसी तरह काबू पाया। मेरे पास दो साल बाद भी आज अपना पहले वाला ही फोन है और वह ठीक काम कर रहा है और मैं खुश भी हूं । अब एक दूसरी घटना लीजिए।पिछले साल मैंने एक आईपैड खरीदा। सोचा था इससे लिखने-पढ़ने का काम और अच्छी तरह और सुविधापूर्वक कर सकूंगा, पर आईपैड के आने के बाद मेरे काम धाम में कुछ ज्यादा फर्क नहीं पड़ा। ज्यादातर समय वह आईपैड पड़ा ही रहा और मैं अपने पुराने लैपटॉप से ही काम करता रहा। आईपैड को दो एक बार पोंछ-पाछ कर चार्ज जरूर किया था। ये महंगा था और अपने खर्चों में किसी तरह कतर-ब्योंत कर ही इसे खरीद पाया था। दरअसल नया फोन, नया सोफा, नया जूता या फिर कोई भी नई चीज लेने के बाद हफ्ते भर बीतते न बीतते वह चीज साधारण, बासी और पुरानी लगने लगती है, तब फिर हम उसे अपने उपयोग में नहीं लाते। ऐसा होने के बाद उसके लिए हमारी इच्छा की तीव्रता भी कम होने लगती है, वह ढलने लगती है । साथ ही बहुतेरी इच्छाओं के बीच से चुनने का अतिभार जैसा भी होने लगता है। हमारे सामने सवाल है कि इसे कैसे कम किया जाय या किफायती कैसे बना जाए। हमारे मस्तिष्क की पुरस्कार प्रणाली को अधिक जीवंत और संतोषप्रद कैसे बनाया जाए। थोड़ा और की प्रवृत्ति बताती है कि हमारा मस्तिष्क नए-नए संसाधनों को इकट्ठा करने में जुटा रहता है। आदिम मनुष्य के जीवन में भोजन इकट्ठा करने और दीर्घ जीवन के लिए यह युक्ति कारगर थी। आज के दौर में पुरस्कार की जगह बदलाव और अप्रत्याशित फायदे हमें अधिक आकर्षित करते हैं। इस व्यवस्था ने हमारे पूर्वजों को इस बात के लिए प्रेरित किया था कि वे बस थोड़ा सा और पाने की जुगत में ही उलझे रहें । तब यह निश्चित ही उपयोगी था क्योंकि इससे वे अस्पष्ट और अनिश्चय की स्थिति में भी जीवन यापन कर सके थे। सुरक्षा की दृष्टि से यह जरूरी था। आज की बात कुछ और है। हमारी दुनिया बहुत बदल चुकी है। अब वैसी असुरक्षा और अनिश्चय की स्थिति नहीं रही। थोड़ा और अर्जित करने के अवसर अब हम पुराने माडल को अपग्रेड करने और अन्य चीजों के विकल्पों में बदल चुके हैं। इस बदली परिस्थिति में हम लोग जो कुछ हमारे पास पहले से है उससे जो ज्यादा है या बढ़-चढ़ कर है उसे चाहने लगते हैं। यह नियति का खेल है कि एक समय जिस बात ने जीवन को खुशहाल बनाया था, वह अब बेकार की फिजूलखर्ची और भयानक असंतोष के दुष्चक्र को जन्म दे रही है। यह तरीका उस दौर के लिए था जब परिवेश में असुरक्षा थी और उपलब्ध साधन सीमित थे। आज के अतिशय और अतिरेक के दौर के लिए वह मौजू नहीं रहा। आज सामाजिक मीडिया का भी तेजी से उभार है। हम सब लगातार किसी को अपने से अलग कुछ और करते या खरीदते देखते हैं। इस तरह का अनुभव करते हुए हम खुद को बड़ा मजबूर महसूस करने लगते हैं। हमारे लिए पर्याप्त का आशय उस चीज को पाने से होता है, जो हमारे पास मौजूद चीज से बाहर होता है। ऐसे में कुछ और या थोड़ा और कभी प्राप्त ही नहीं हो सकता । इच्छाओं के अनुकूलन की प्रवृत्ति के चलते आदमी जल्दी ही एक स्थिर खुशी के स्तर पर वापस लौट आता है। थोड़ा और कभी भी पर्याप्त इसलिए नहीं लगता कि हम इच्छाओं के अनुकूलन के शिकार होते रहते हैं। यानी हमारी प्रवृत्ति है कि हम बहुत जल्द एक अपेक्षाकृत स्थायी सुख के सामान्य स्तर पर आ टिकते हैं। जीवन में बड़ी सकारात्मक या ऋणात्मक घटना के बाद जैसे लाटरी या अशक्तता का खुशी या दुख पर सिर्फ क्षणिक प्रभाव होता है। हम फिर वापस अपने सामान्य स्तर पर वापस आ जाते हैं। यह अनुकूलन हमारी प्रतिरोध क्षमता को तो सुदृढ़ करता है पर नई उपलब्धि के रोमांच का आकर्षण तेजी से घटने लगता है। प्रत्याशा बढ़ी तो यह ऊंचा होता है और धीरे-धीरे सामान्य अवस्था पर लौट आता है। हमारा ध्यान नई खरीद की ओर आकर्षित होने लगता है और अधूरी इच्छाओं को पूरा करने का क्रम चल पड़ता है। फिर एक नया चक्र शुरू हो जाता है। आज की उपभोक्ता संस्कृति में अपग्रेड, नए विकल्प, और अनुकूलन से उपजा असंतोष लगातार बना रहता है। मजेदार बात यह है कि अगली चीज का अनुभव होने पर या अपग्रेड करने के लिए निवेश करने का लाभ लगातार घटता जाता है। आदमी सोचता है कि अगर फलां चीज होती तो खुशी मिलती । नई खरीद से उत्तेजना होती है पर वह जल्दी ही मुरझाने लगती है। अपग्रेड करते ही आपको लगता है कि नया संस्करण या नया मॉडल चाहिए। ऐसा लगने में ज्यादा देर नहीं लगती। वस्तुओं की खरीदी सूची कुछ और है जो संतोष के लिए जरूरी चीजों की सूची कुछ और। संतोष देने की जगह नई खरीदारी अगली चीज के चाहने पर जोर देती है।

पानी के मोर्चे पर होनी है सरकारों की कठिन परीक्षा

ANALYSIS

मनोज कुमार मिश्र

दिल्ली को प्रकृति ने तीन अनमोल तोहफे दिए, जिससे दिल्ली बार-बार राजधानी बनती रही। उसमें यमुना नदी और दिल्ली के असंख्य तालाब, नहर और बावड़ी इत्यादि को तो विकास के विनाशकारी मॉडल ने बर्बाद कर दिया। अगर भविष्य में भी अरावली पर्वतमाला न बच पाई को दिल्ली में प्रदूषण और जल संकट ही नहीं दिल्ली को उजड़ने से कोई रोक नहीं पाएगा। मौजूदा केंद्र और दिल्ली की सरकार यमुना बचाने का संकल्प दोहराती रही है। इस दिशा में प्रयास तो दिख रहे हैं, सभी को नतीजों का इंतजार है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद अनुपम मिश्र ने अपनी चर्चित पुस्तक-आज भी खरे हैं तालाब, के संदर्भ ग्रंथों के हवाले से बताया है कि दिल्ली के 1930 के दुर्लभ नक्शे में उस समय तालाब और कुओं की गिनती करीब 350 की संख्या छूती थी। उससे भी पहले यह संख्या हजार में थी। आज दिल्ली में गिनती के तालाब बचे हैं। दिल्ली में राज करने वाली सरकारें पुराने तालाबों, झीलों, बावड़ियों और नहरों इत्यादि को पुनर्जीवित करने का दिखावा सा करती है। यह इसलिए भी आसान नहीं लगता, क्योंकि ज्यादातर तालाब, झील आदि पर अवैध कालोनियां बस चुकी हैं।

विकास के नाम देश की राजधानी के विनाश के एक प्रयास पर उच्चतम न्यायालय ने अपने ही फैसले को पलटकर रोक लगा दी। इस फैसले से अब दिल्ली को कुछ हरा-भरा रखने में अपनी भूमिका निभाने वाली अरावली पर्वतमाला के खनन पर पूरी तरह से रोक लगी रहेगी। दिल्ली के पास अपना कुछ भी नहीं है। पहाड़ों पर ठंड बढ़ती है तो दिल्ली ठिठुरने लगती है और राजस्थान के रेगिस्तान तपते हैं तो दिल्ली तपती है। दिल्ली और एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) की आबादी भी अपनी नहीं है। देशभर से लोग रोजगार और कारोबार आदि के लिए दिल्ली आकर बसते रहे हैं। दिल्ली को प्रकृति ने तीन अनमोल तोहफे दिए, जिससे दिल्ली बार-बार राजधानी बनती रही। उसमें यमुना नदी और दिल्ली के असंख्य तालाब, नहर और बावड़ी इत्यादि को तो विकास के विनाशकारी मॉडल ने बर्बाद कर दिया। अगर भविष्य में भी अरावली पर्वतमाला न बच पाई को दिल्ली में प्रदूषण और जल संकट ही नहीं दिल्ली को उजड़ने से कोई रोक नहीं पाएगा। मौजूदा केंद्र और दिल्ली की सरकार यमुना बचाने का संकल्प दोहराती रही है। इस दिशा में प्रयास तो दिख रहे हैं, सभी को नतीजों का इंतजार है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद अनुपम मिश्र ने अपनी चर्चित पुस्तक-आज भी खरे हैं तालाब, के संदर्भ ग्रंथों के हवाले से बताया है कि दिल्ली के 1930 के दुर्लभ नक्शे में उस समय तालाब और कुओं की गिनती करीब 350 की संख्या छूती थी। उससे भी पहले यह संख्या हजार में थी। आज दिल्ली में गिनती के तालाब बचे हैं। दिल्ली में राज करने वाली सरकारें पुराने तालाबों, झीलों, बावड़ियों और नहरों इत्यादि

को पुनर्जीवित करने का दिखावा सा करती है। यह इसलिए भी आसान नहीं लगता, क्योंकि ज्यादातर तालाब, झील आदि पर अवैध कालोनियां बस चुकी हैं। यह सार्वजनिक तथ्य है कि दिल्ली महानगर अपनी जरूरत का केवल 15 फीसद पानी अपने स्रोत से नहीं जुटा पाता। पानी के लिए पूरी तरह से गंगा और यमुना नदी पर दिल्ली निर्भर है। दिल्ली में 1993 में विधानसभा बनने के बाद बनी पहली भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना ने अनशन करके यमुना के पानी में राज्यों की तरह हिस्सा लिया था। गंगा नदी से तय पानी आ ही रहा है। यमुना जल समझौता होने के समय दिल्ली में पानी की मांग छह सौ एमजीडी (मिलियन गैलन रोजाना) थी। आज यह मांग करीब 1300 एमजीडी है। पानी की उपलब्धता करीब 800 एमजीडी है। यह भी तब जब काफी इलाकों में पानी की लाइन नहीं है और लोग टैंकरो से बड़ी कठिनाई से पानी ले पाते हैं। यमुना साफ करके दिल्ली का अपना जलाशय बनाना तो सपना है। यमुना को साफ करने के शुरूआती प्रयास में बड़े नालों को साफ करना और इंटरसेप्टर प्लान से जोड़ने का प्रयास हुआ। अब दिल्ली में खेती की जमीन केवल बाहरी दिल्ली यानी हरियाणा के सीमा से लगे गांवों में है। उन इलाकों में भी तेजी से अतिक्रमण हो रहा है। कांग्रेस सरकार में 56 किलोमीटर नजफगढ़ नाले को ढांसा से ककरौला तक तीस किलोमीटर ज्यादा गहरा करके उसमें बरसाती पानी इकट्ठा करने का प्रयास किया गया। यह नाला ढांसा से शुरू होकर वजीराबाद में यमुना में गिरता है। शुरूआती प्रयास से ढांसा के आसपास के आठ किलोमीटर इलाके में धान की फसल अच्छी हुई। इससे जुड़ने वाली तीन नहरें- पालम, मूंगेशपुर और छुटानी-भूपानी में पानी छोड़ने से 60 से70 गांवों को पानी दिया दया। अगर इसकी 10 फीट गहरी खुदाई हो जाए तो पूरे नजफगढ़ इलाके के सारे गांवों को पानी मिलने लगेगा। दिल्ली में सिंचाई के लिए शेरशाह सूरी ने अपने समय में पश्चिमी यमुना नहर बनवाई थी। उसी ने कृषि में राजस्व प्रणाली की शुरूआत की। उस नहर से दो उप नहर निकाली गई, जिनसे उत्तर पश्चिम दिल्ली में अलीपुर और कंझावला विकास खंड के 125 गांवों में सिंचाई होती थी। राजधानी का शहरीकरण होने के बाद सिंचाई का रकबा घटता गया। अब अलीपुर और कंझावला में ही करीब बीस गांवों में खेती होती है। दिल्ली 1911 में देश की राजधानी बनी। तब दिल्ली में 365 गांव थे। ढाका धीरपुर में जार्ज पंचम का दरबार लगा। वहीं दिल्ली को राजधानी बनाने की घोषणा हुई। 1912 में पुराना सचिवालय बना तो चंद्रावल गांव खत्म हो गया। सरकारी कर्मचारियों के लिए तीमारपुर गांव की जमीन पर कालोनी बनी। 1947 में देश का बंटवारा हुआ और शाहजहानाबाद (दिल्ली का पुराना नाम जो चारदीवारी से घिरा हुआ था) ने देहात को निगलना शुरू किया। सरकार ने तो एक योजना बनाकर लोगों को बसाया लेकिन उससे ज्यादा को भू-माफिया और पुलिस-प्रशासन की मिलीभगत से अवैध कालोनियां बसी। वोट की राजनीति में ऐसे लोगों को विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं का संरक्षण मिलता रहा। इन अवैध निर्माण से उन्हें वोट और नोट दोनों ही मिलते रहे हैं। कई भू -माफिया तो सरकारी जमीन कौन कहे ऐतिहासिक धरोहरों पर कब्जा करके उसपर कालोनी बसा दी। कई माफिया को पैसे के बल पर विभिन्न दलों से टिकट पाकर लोकसभा और विधानसभा में पहुंच गए। अब कहने भर के 200 गांव बचे हैं, लेकिन तालाब गायब हो गए। 1993 में ग्राम पंचायतों के आखिरी चुनाव के समय 199 पंचायतें थीं। अस्सी के दशक तक दिल्ली में छह हजार निजी और 250 सरकारी ट्यूबवैल थे। नजफगढ़ और महरौली इलाके में रहट (कुओं से ऊंट, बैल आदि के माध्यम से पानी निकालना), चरस (आदमी खींचते थे।) और कच्चे कुएं से भी सिंचाई की जाती थी। दिल्ली को भौगोलिक हिसाब से तीन क्षेत्रों में बांटा जाता है। मेहरौली यानी दक्षिणी दिल्ली में पहाड़ी इलाकों को पहाड़, नजफगढ़ यानी पश्चिमी दिल्ली को डाबर और यमुना दी तलहटी यानी उत्तर पश्चिम दिल्ली को बांगड़। नजफगढ़ इलाके का आकार झील जैसा था इसलिए इसके मूल स्वरूप को बचाने के लिए नजफगढ़ नाला बनाया गया। उसके साथ हरियाणा से लगे गांवों में सिंचाई के लिए छुटानी -भूपानी नाला, बवाना इलाके के लिए मूंगेशपुर नाला और पालम इलाके के लिए पालम नाला बनाया गया। इसमें बस्ती का गंदा पानी नहीं जाता था केवल बाढ़ का पानी जाता था। बाद में सारी व्यवस्था अतिक्रमण के सिरे चढ़ती गई। दिल्ली में कांग्रेस की सरकार में विकास मंत्री रहे डॉक्टर योगानंद शास्त्री ने तब 70 बड़े तालाबों के स्थान को चिह्नित करके उसे विकसित करने का प्रयास किया था। तभी भलस्वा झील और संजय झील से अतिक्रमण हटाने के प्रयास हुए। उसके बाद भी बरसाती पानी बेकार न चला जाए इसके लिए प्रयास तो किए गए लेकिन न तो अतिक्रमण हटाए गए और न ही नए स्थानों पर होने वाले अतिक्रमण को रोका गया। परिणाम यही हुआ कि दिल्ली के पानी के स्रोत समाप्त होते गए।

भारतीय समुदाय की आर्थिक, सामाजिक और पेशेवर साख

डोनाल्ड ट्रंप द्वारा साझा की गई इमिग्रेंट वेलफेयर रिसिपिएंट रेट्स की सूची ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर भारतीय समुदाय की आर्थिक, सामाजिक और पेशेवर साख को उजागर कर दिया है। 120 देशों के नामों वाली इस सूची में भारत का नाम न होना बता रहा है कि दशकों की मेहनत, शिक्षा, अनुशासन और योगदान का ये सुखद परिणाम है। यह तथ्य आज हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। यह बताता है कि अमेरिका जैसे देश की अर्थव्यवस्था में भारतीय समुदाय बोझ नहीं है, वह यहां की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ है। कहना होगा कि अमेरिका में भारतीय प्रवासियों की पहचान हमेशा मेहनती, शिक्षित और आत्मनिर्भर समुदाय के रूप में रही है। ट्रंप द्वारा जारी ये सूची भले ही राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित हो, किंतु आज सभी के समक्ष एक अनकहा सत्य सामने रख देती है कि भारतीय समुदाय अमेरिका की सरकारी मदद पर निर्भर नहीं है। इसके उलट वे टैक्स देने वाले, नौकरियां पैदा करने वाले और नवाचार को आगे बढ़ाने वाले नागरिक हैं। जब पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और चीन जैसे देशों से आए प्रवासियों का बड़ा हिस्सा अमेरिकी वेलफेयर सिस्टम पर निर्भर दिखता है, तब भारत का इस सूची से बाहर होना भारतीय समाज की आर्थिक आत्मनिर्भरता और पेशेवर क्षमता का प्रमाण बन सामने आता है। प्यू रिसर्च सेंटर के आंकड़े जो इस संदर्भ में सभी के सामने आए हैं, ये बताते हैं कि भारतीय-अमेरिकियों की औसत वार्षिक घरेलू आय लगभग 1,51,200 डॉलर है, जोकि अमेरिका के किसी भी अन्य जातीय या प्रवासी समूह से अधिक है। यह आंकड़ा उस मानसिकता को बताता है, जो शिक्षा, कौशल और दीर्घकालिक स्थिरता को प्राथमिकता देती है। भारतीय परिवारों में शिक्षा को सबसे बड़ा निवेश माना जाता है। यही कारण है कि भारतीय मूल के लोग अमेरिका में डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, प्रोफेसर, टेक लीडर और बड़ी-बड़ी कंपनियों के सीईओ के रूप में नजर आते हैं। भारतीय समुदाय की यह आर्थिक सफलता अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर सीधा प्रभाव डालती है। उच्च आय का मतलब है अधिक टैक्स योगदान, अधिक उपभोग और अधिक निवेश। सिलिकॉन वैली से लेकर वॉल स्ट्रीट तक भारतीय पेशेवरों ने टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर, फाइनेंस और स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई दिशा दी है। आज अमेरिका की कई बड़ी कंपनियों, चाहे वे टेक सेक्टर की हों या कंज्यूमर इंडस्ट्री, उनके शीर्ष पदों पर भारतीय मूल के लोग बैठे हैं। ये लोग यहां कंपनियों को मुनाफा दिलाते हैं, लाखों अमेरिकियों के लिए रोजगार भी पैदा करते हैं। इसके विपरीत, ट्रंप की सूची में शामिल देशों के आंकड़े एक अलग तस्वीर पेश करते हैं। बांग्लादेश के करीब 54.8 प्रतिशत प्रवासी परिवारों का अमेरिकी वेलफेयर पर निर्भर होना, पाकिस्तान के 40.2 प्रतिशत और नेपाल के 34.8 प्रतिशत परिवारों का सरकारी सहायता लेना, चीन (32.9 प्रतिशत), इजरायल/फिलिस्तीन (25.9 प्रतिशत), यूक्रेन (42.7 प्रतिशत) और एशिया (कहीं और वगीकृत या निर्दिष्ट नहीं) के 38.8 प्रतिशत प्रवासियों को आज अमेरिकी सहायता मिल रही है। वस्तुतः यह सवाल खड़ा करता है कि आखिर इन समुदायों पर अमेरिकी खजाने का दबाव आखिर अधिक क्यों है। इस अंतर का कारण जो सीधे तौर पर समझ आता है वो भारतीयों का वर्क कल्चर और सामाजिक मूल्य हैं। भारतीय प्रवासी आमतौर पर अमेरिका में पढ़ाई या उच्च कौशल वाली नौकरियों के जरिए प्रवेश करते हैं। वे शॉर्टकट या सिस्टम के दुरुपयोग के बजाय लंबी मेहनत में विश्वास रखते हैं। परिवार केंद्रित सोच, बचत की आदत और शिक्षा पर जोर उन्हें जल्दी आत्मनिर्भर बना देता है। यही वजह है कि भारतीय समुदाय में सरकारी सहायता लेने की जरूरत न्यूनतम रहती है। यहां ध्यातव्य यह भी है कि डोनाल्ड ट्रंप लंबे समय से अवैध इमिग्रेशन और वेलफेयर सिस्टम के दुरुपयोग के खिलाफ बयान देते रहे हैं। ऐसे में भारत का नाम इस सूची में न होना एक तरह से यह संदेश देता है कि अगर कोई प्रवासी समुदाय अमेरिकी समाज में घुल-मिलकर योगदान दे रहा है तो वह भारतीय है। भले ही ट्रंप ने सीधे तौर पर भारतीयों की तारीफ न की हो किंतु आंकड़े खुद बोलते हैं। यह एक अनजानी प्रशंसा है जो खुलकर बता रही है कि अमेरिका में भारतीय लेने वाले नहीं, बल्कि देने वाले समुदाय के रूप में स्थापित हैं। आज भारतीय-अमेरिकी समुदाय अमेरिका की कुल एशियाई आबादी का लगभग 21 प्रतिशत हिस्सा है और दूसरा सबसे बड़ा एशियाई समूह है। संख्या के साथ-साथ गुणवत्ता में भी यह समुदाय आगे है। रिसर्च, इनोवेशन, मेडिकल एडवांसमेंट और टेक्नोलॉजिकल ग्रोथ में भारतीयों का योगदान अमेरिकी अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। कोविड-19 जैसे वैश्विक संकट के दौरान भी भारतीय मूल के डॉक्टरों, वैज्ञानिकों और हेल्थकेयर वर्कर्स ने फ्रंटलाइन पर रहकर अमेरिका को संभाला है। वस्तुतः भारत का नाम ट्रंप की वेलफेयर लिस्ट में न होना आज ये बता रहा है कि यहाँ भारतीय उस सॉफ्ट पावर का संकेत हैं जोकि सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि इस देश के लिए भी मूल्य जोड़ते हैं। इसलिए ही आज अमेरिका की अर्थव्यवस्था जिन मजबूत स्तंभों पर टिकी है, उनमें भारतीय समुदाय एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। टैक्सपेयर्स, इनोवेटर्स, लीडर्स और प्रोफेशनल्स के रूप में भारतीयों ने यह साबित कर दिया है कि वे बोझ नहीं अमेरिकन अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ट्रंप की सूची ने भले ही राजनीतिक बहस को जन्म दिया हो, पर भारतीयों के लिए यह एक शांत, लेकिन मजबूत प्रमाण है, इस बात का कि मेहनत, शिक्षा और ईमानदारी से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में भी अपनी सफलतम जगह बनाई जा सकती है।

Social Media Corner

सच के हक में...

एमजीआर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। तमिलनाडु की प्रगति में उनका योगदान असाधारण है। तमिल संस्कृति को लोकप्रिय बनाने में उनकी भूमिका भी उतनी ही सराहनीय है। हम समाज के लिए उनके दृष्टिकोण को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

रोहित वेमुला को गए 10 साल हो गए। लेकिन रोहित का सवाल आज भी हमारे सीने में धड़क रहा है : क्या इस देश में सपने देखने का हक सबको बराबर है। रोहित पढ़ना चाहता था, लिखना चाहता था। विज्ञान, समाज और इंसानियत को समझकर इस मुल्क को बेहतर बनाना चाहता था। लेकिन इस व्यवस्था को एक दलित का आगे बढ़ना मंजूर नहीं था। संस्थागत जातिवाद, सामाजिक बहिष्कार, रोज-रोज की बेइज्जती, 'औकात' दिखाने वाली भाषा और अमानवीय व्यवहार- यही वह जहर था जिसने एक होनहार युवा को उस मुकाम तक धकेल दिया जहां उसकी गरिमा छीन ली गई और उसे अकेला कर दिया गया।

(राहुल गांधी का 'एक्स' पर पोस्ट)

हमारे झारखंड की बेटी, धनबाद जिले के बाघमारा निवासी अनु कुमारी ने चीन में आयोजित पेंटाथलॉन-लेजर रन में कांस्य पदक जीतकर देश का और अपने राज्य का नाम रोशन किया था। राज्य सरकार ने नौकरी और इनामी राशि देने की बड़ी-बड़ी घोषणा की थी, लेकिन आज तक नौकरी तो दुर पुरस्कार राशि भी नहीं मिली ! यदि कोई हिजाब नकाब पहनने वाला हो, तो हेमंत सरकार उसे 3 लाख रुपए प्रति महीने की नौकरी ऑफर कर देती है, लेकिन जब झारखंड की आदिवासी, मूलवासी, दलित, गरीब, पिछड़ा परिवार की बेटी हो तो, सरकार उनका हक भी छीन लेती है।

(बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

स्थानीय जनता और नेतृत्व की आकांक्षाओं पर ध्यान नहीं

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने गत दिनों अपने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, आरएसएस का जमीनी स्वयंसेवक और जनसंघ-भाजपा का कार्यकर्ता नेताओं के चरण में बैठकर प्रदेश का मुख्यमंत्री और देश का प्रधानमंत्री बना। ये संगठन की शक्ति है। इन शब्दों के मायने तब खुलते हैं, जब इसके साथ चस्पां एक तस्वीर दिखती है। 1995 की उस तस्वीर में नरेंद्र मोदी पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के पास फर्श पर बैठे हैं। दिग्विजय सिंह के ये शब्द कांग्रेस नेतृत्व और संगठन के कामकाज पर एक तरह से टिप्पणी हैं। कांग्रेस नेतृत्व की कार्यशैली और संगठन की लचर हालत पर टिप्पणी करने वाले दिग्विजय पहले शख्स नहीं हैं। केंद्रीय राजनीति में नरेंद्र मोदी के उभार के बाद कांग्रेस लगातार फिसल रही है। हाल में उसे और उसके सहयोगी दलों को उस बिहार में भी हार झेलनी पड़ी, जिसे महज दो महीने पहले ही वह जीता हुआ मान चुकी थी। उसकी निराशा महाराष्ट्र और गोवा के निकाय चुनावों ने भी बढ़ाई है। इस बीच केरल के निकाय चुनावों ने उसे जरूर सांत्वना दी है, लेकिन वह इतनी कारगर नहीं है कि पार्टी और उसके जमीनी कार्यकर्ता भविष्य के प्रति व्यापक रूप से आश्वस्त हो सकें। कांग्रेस के अध्यक्ष भले ही मल्लिकार्जुन खड़गे हों, लेकिन सबको पता है कि पार्टी की असल कमान किसके हाथ है। पार्टी के असल प्रमुख राहुल गांधी हैं। इस लिहाज से पार्टी उन्हीं के हिसाब से चल रही है। राहुल तेजतर्रार और आक्रामक हैं, लेकिन उनकी यह आक्रामकता नतीजों में नहीं बदल रही। उनकी शैली एक हद तक वामपंथी वैचारिकी और राजनीति की तरह है। वामपंथी नैरेटिव गढ़ने में कामयाब रहते हैं, लेकिन नतीजों के मोर्चे पर नाकाम रहते हैं। 2019 के चुनाव में उन्होंने चौकीदार चोर का नैरेटिव तैयार किया। 2024 में खतरे में संविधान का आख्यान खड़ा किया। हाल में वोट चोरी का आरोप चस्पां किया। वामपंथी इकोसिस्टम के जरिए ये सारे इस कदर स्थापित हुए कि लगा कि इनकी चक्करघिन्नी में भाजपा फंस गई। भाजपा कई बार चिंतित भी दिखी, लेकिन उसके नेतृत्व ने होश नहीं खोया। नतीजे सामने हैं। कांग्रेस के कई नैरेटिव उलटे भी पड़ते हैं, क्योंकि वे जमीनी समझ के बिना गढ़े जाते हैं। बिहार के संदर्भ में पार्टी नेतृत्व के एक वर्ग का मानना है कि जब राहुल ने वोटर जागरूकता यात्रा निकाली, तब मिथिला समेत उत्तर बिहार में सवर्ण, विशेषकर सवर्ण मतदाताओं का कांग्रेस को लेकर रुख बदल रहा था, लेकिन बाद में उन्हीं ब्राह्मणों और सवर्णों को आततायी बताने का नैरेटिव गढ़ा गया, लिहाजा मतदान में हालात बदल गए। अपने वामपंथी सोच के चलते कांग्रेस से समूचे देश का सवर्ण मतदाता दूर होता जा रहा है। और तो और जब देश और संसद में ज्यादा जरूरत होती है, तब राहुल विदेश में भाषण दे रहे होते हैं। इसके चलते संगठन की लगातार अनदेखी हो रही है। कांग्रेस के कई अहम सूत्र एकमत हैं कि संगठन को दुरुस्त करने पर पार्टी नेतृत्व का ध्यान नहीं है। उदाहरण के लिए, लोकसभा चुनाव के वक्त हरियाणा में न तो सचिव था, न ही पार्टी की जिला कमेटियां काम कर रही थीं। ऐसा ही हाल बिहार का भी था। जिला स्तरीय कमेटियां थी नहीं। कई राज्य ऐसे हैं, जहां अध्यक्ष तो बना दिए गए हैं, लेकिन वहां कमेटी ही नहीं है। मुंबई में तो बीएमसी चुनाव के नामांकन के आखिरी दिन तक पता ही नहीं रहा कि कांग्रेस का गठबंधन किसके साथ है और कौन कहां से लड़ेगा। मनरेगा का नाम और चेहरा बदलने के खिलाफ कांग्रेस राज्यों की राजधानियों में रैलियां करने जा रही है। इस पर पार्टी के एक बड़े नेता का कहना है कि दूसरी रैलियों की ही तरह इन रैलियों का भी हश्र होगा। उनके हिसाब से ब्लाक स्तर पर मनरेगा के जाब कार्डधारकों का विरोध-प्रदर्शन आयोजित होना चाहिए था, फिर जिला स्तर पर उन्हें जुटाया जाता। बाद में राज्यों की राजधानी और दिल्ली में उनका जुटान होता। इससे पार्टी की बात निचले स्तर तक पहुंचती और नए वोटर भी बनते। भाजपा आज अगर चुनाव जीत रही है तो इसकी वजह यह नहीं है कि वह सिर्फ अपने राष्ट्रीय नैरेटिव के सहारे चुनाव लड़ती है। राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के अपने केंद्रीय विचार के साथ ही वह स्थानीय हालात के लिहाज से रणनीति बनाती है और उस पर अमल करती है।

सीमा से परे

